
नई दिल्ली, मंगलवार
03 जून 2025

# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 95 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/645795




## राजित गुप्ता ने पूरे देश में हासिल की रैंक-1



नई दिल्ली। जेईई एडवांस्ड 2025 में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल करने वाले कोटा के राजित गुप्ता ने बताया कि गलतियों से सीखे गए सबक ने उन्हें सफलता दिलाई। पढ़ें पूरी कहानी। 2025: देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2025 में कोटा निवासी राजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर पूरे शहर को गौरवान्वित कर दिया है। राजित, जो महावीर नगर कोटा के रहने वाले हैं, ने 332 नंबर हासिल किए और बताया कि "गलतियों से सीखने और खुशी के साथ पढ़ाई करने" का मंत्र ही उनकी सफलता की कुंजी बना। AIR 1 हासिल करने वाले राजित गुप्ता ने अमर उजाला के साथ बातचीत में कहा कि मैं तभी पढ़ता था जब मन करता था। लेकिन पढ़ाई करता तो ध्यान लगाकर करता था। पेज 2 पर

# तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केस देश में 3961 सक्रिय मामले

## दिल्ली में एक की मौत




नई दिल्ली। दिल्ली में कोविड-19 से जुड़ी एक और मौत की सूचना मिली, जिससे कुल मौतों की संख्या चार हो गई, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 483 हो गई। देश में 1 जनवरी 2025 से अब तक कई राज्यों में 32 मौतें हुई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रविवार से सक्रिय मामलों की संख्या में 203 नए मामले जुड़े हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, सोमवार सुबह भारत में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 3,961 थी। इसमें दिल्ली में 47 नए मामलों की एक दिन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई। देश भर में 203 नए मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में कोविड-19 से जुड़ी एक और मौत की सूचना मिली, जिससे कुल मौतों की संख्या चार हो


शेष पेज 2 पर

### दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से कोविड-19 तैयारियों पर तत्काल जानकारी मांगी, कहा- महामारी अभी खत्म नहीं




नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से कोविड-19 के लिए नमूना संग्रह और परिवहन नीति पर दिशा-निर्देश मांगे। अदालत ने चेतावनी दी कि महामारी अभी भी सक्रिय है और तत्काल उपाय जरूरी हैं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि कोविड-19 अभी भी सक्रिय है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया। शेष पेज 2 पर

# आज से शुरू हो जाएगा राम मंदिर का दूसरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह



अयोध्या। अयोध्या में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह तीन जून से प्रारंभ हो जाएगा। पांच जून को सीएम योगी खुद मौजूद रहेंगे।

श्रीराम जन्मभूमि में तीन जून को सुबह 6:30 बजे से दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरूआत हो जाएगी। तीन जून से शुरू होकर पांच जून तक चलने वाले इस समारोह में राम जन्मभूमि के पहले तल पर राम दरबार, परकोटा के छह मंदिर शिवलिंग, गणपति, हनुमान, सूर्य, भगवती और अन्नपूर्णा, साथ में शेषावतार मंदिर, इन आठ मंदिरों में देव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

मुख्य समारोह और विशेष अनुष्ठान पांच जून को सुबह 11:25 बजे होगा। इस दौरान प्राण प्रतिष्ठा का अंतिम पूजन किया जाएगा इसके बाद भोग, आरती होगी। शेष पेज 2 पर

### चंपत राय की दो टूक, प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर कृपया न आएं, किसी को बुलाया नहीं गया




अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर परिसर में पांच जून को राम दरबार सहित कई मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा होनी है। चंपत राय ने स्पष्ट किया है कि कृपया लोग इस दौरान न आएं।

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा है कि तीन, चार व पांच जून को किसी को आमंत्रित नहीं किया गया है। कोई भी प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर अयोध्या ना आए। वही लोग अयोध्या आएं जिन्हें रामलला का दर्शन करना होगा। प्राण प्रतिष्ठा की वजह से इस दौरान न आएं।

पेज 2 पर

## ओवैसी ने पाकिस्तानी आतंकी संगठनों की तुलना अलकायदा से की, बोले- जेल में रहते हुए लखवी बाप कैसे बन गया



**नई दिल्ली।** ओवैसी ने आतंकवादी जकीउर रहमान लखवी के प्रति पाकिस्तान के पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जकीउर रहमान लखवी नामक एक आतंकवादी था - दुनिया का कोई भी देश ऐसे आतंकवादी को अनुमति नहीं देगा, जिस पर आतंकवाद का आरोप हो।

आईएमआईएम प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उसे 'तकफीरिज्म का केंद्र' बताया, जिसका मतलब कट्टरपंथी विचारधाराओं से है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी समूहों, आईएसआईएस और अल-कायदा जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों के बीच कोई वैचारिक अंतर नहीं है। उनकी टिप्पणी अल्जीरिया में एक संबोधन के दौरान आई, जहां सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के बयान का मुकाबला करने और आतंकवाद पर भारत की स्थिति को उजागर करने के लिए केंद्र की वैश्विक आउटरीच पहल के हिस्से के रूप में पहुंचा था।

पेज 2 पर

### कोलकाता में साधु-संतों ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की

# बंगाल में हिंदुओं पर 'अत्याचार' और घुसपैठ पर चिंता जताई



**नई दिल्ली।** विभिन्न संगठनों के साधु-संतों ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में हिंदुओं पर कथित अत्याचार तथा बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को लेकर चिंता जताई।

विभिन्न संगठनों के साधु-संतों ने रविवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और पश्चिम बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद जिलों में हिंदुओं पर कथित अत्याचार तथा बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ को लेकर चिंता जताई। स्वामी विवेकानंद के पैतृक आवास पर हुई बैठक के दौरान, साधु-संतों ने दावा किया कि शाह ने हिंदू धार्मिक नेताओं से एकजुट होने और मानवता से संबंधित व्यापक मुद्दों को हल करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान शाह ने स्वामी विवेकानंद को पुष्पांजलि अर्पित की।

पद्म पुरस्कार से सम्मानित कार्तिक महाराज ने कहा कि साधु-संतों ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करते हुए हिंदुओं के खिलाफ होने वाली हिंसा के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि शाह राजनीतिक चर्चा के लिए नहीं, आशीर्वाद लेने आए हैं। अंतरराष्ट्रीय वेदांत सोसाइटी की संयुक्त महासचिव तेजमयी मां ने कहा, ह्यह्यचर्चा का मुख्य विषय यह था कि सामूहिक प्रयास के लिए क्या आवश्यक है। प्रतिभागियों ने एक इकाई के रूप में मिलकर काम करने के महत्व पर जोर देते हुए आम सहमति बनाई। मिलकर काम करना साझा भावना है। इस एकीकृत दृष्टिकोण का उद्देश्य आम लोगों को लाभ पहुंचाना है, विशेष रूप से यह पता लगाना कि लोगों के कल्याण के लिए दैनिक जीवन में आध्यात्मिकता को कैसे लागू किया जा सकता है। न्यू बैरकपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय वेदांत सोसाइटी की संयोजक वेदप्रणा माता ने कहा, ह्यह्यचर्चा का मुख्य विषय सनातन धर्म था। कुछ वक्ताओं ने चिंता जताई कि पश्चिमी देश वर्तमान में भारत की तुलना में सनातन मूल्यों को अधिक सक्रियता से अपना रहे हैं और आगे बढ़ा रहे हैं।

पेज 2 पर

## छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त



चिंतलनार। छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

छत्तीसगढ़ के नक्सल विरोधी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण सफलता तब मिली जब छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। पेज 2 पर

# लखनऊ से मुंबई के बीच चल सकती है पहली स्लीपर वंदे भारत

### 10 घंटे में पूरा होगा सफर



नई दिल्ली। ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे। इनमें एसी फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड के अलावा दो एसएलआर कोच भी होंगे। ट्रेन की क्षमता लगभग 1200 यात्रियों की होगी। ट्रेन की समय सारणी तय करने का काम अंतिम चरण में है और जुलाई से ट्रेन को शुरू करने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

भारतीय रेलवे उत्तर प्रदेश को एक बार फिर बढ़ी सौगात देने जा रहा है। देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरूआत इसी राज्य से होगी। इस ट्रेन का रूट भी फाइनल हो गया है। इसकी ट्रेन का पूरा विस्तृत शेड्यूल जून में जारी किया जा सकता है। इस ट्रेन को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई तक चलाने की योजना है। इससे पहले देश की पहली वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से दिल्ली के बीच शुरू की गई थी।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली कोचिंग यार्ड में नई स्लीपर वंदे भारत का पूरा रैक पहुंच गया है। इसके बाद रेलवे इस ट्रेन का संचालन शुरू करने की योजना बना रहा है। लखनऊ से मुंबई रूट पर यात्री सबसे अधिक हैं। इसी कारण रेलवे इसी रूट पर स्लीपर वंदे भारत चलने के पूरे आसार हैं। रेलवे ने ट्रेन के रूट का सर्वे भी पूरा कर लिया है।

पेज 2 पर

सुरक्षा कवच | दुश्मन चारों तरफ हैं, इतने में काम नहीं बनने वाला है...

# भारत की मांग पर रूस देने वाला है ऐसा सुरक्षा कवच चीन-पाकिस्तान पहले ही कर देंगे सरेंडर

नई दिल्ली। एस-400 सिस्टम के लिए अनुबंध पर शुरूआत में 2018 में हस्ताक्षर किए गए थे, जिसकी कीमत 5.43 बिलियन डॉलर थी और इसमें पांच रेजिमेंट शामिल हैं। पहली रेजिमेंट दिसंबर 2021 में आई, जबकि दूसरी और तीसरी रेजिमेंट क्रमशः अप्रैल 2022 और अक्टूबर 2023 में वितरित की गईं।

इस वक्त पूरी दुनिया के दिमाग पर दो देशों के एयर डिफेंस सिस्टम छाए हुए हैं। भारत के स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश और रूस के एस 400 ने पूरी दुनिया में तहलका मचा दिया है। रूस निर्मित एस-400 वायु रक्षा प्रणाली भारत में 'सुदर्शन चक्र' कहा जाता है। दुनिया की सबसे उन्नत प्रणालियों में से एक है। इसी बीच एक बड़ी खबर आई है कि भारत ने रूस से एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम की कई और मिसाइलें मांगी हैं।



रिपोट्र्स के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस 400 एयर डिफेंस सिस्टम के सफल इस्तेमाल के बाद भारत ने रूस से कहा है कि हमें और मिसाइलें चाहिए। भारत को मूल डिलीवरी शेड्यूल के अनुसार 2026 तक रूस से एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल सिस्टम की शेष रेजिमेंट मिल जाएगी।

यह पाकिस्तान और चीन के साथ भारत की पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर पहली तीन इकाइयों को सफलतापूर्वक तैनात करने के बाद हुआ है। भारत में रूसी उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने एक साक्षात्कार के दौरान इस ताजा डेवलपमेंट की पुष्टि की, हाल की वैश्विक चुनौतियों के बावजूद शेष प्रणालियों की समय पर डिलीवरी पर जोर दिया। भारत की एस-400 प्रणाली पहले ही अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर चुकी है, खास तौर पर ऑपरेशन सिंदूर में भारत-पाकिस्तान तनाव के दौरान, जहां उन्होंने दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोका। बाबुश्किन ने सिस्टम की परिचालन प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला, और कहा कि इसने स्थिति के दौरान कुशलता से काम किया, जिससे भारत की रक्षा के लिए इसके रणनीतिक महत्व को बल मिला।

पेज 2 पर

# असम के दरंग जिले में भारत के प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा पर बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
असम :असम के दरंग जिले में मेडिकल कॉलेज, रिंग रोड आदि की आधारशिला रखने के लिए भारत के प्रधानमंत्री की दरंग जिला यात्रा के प्रस्ताव के संदर्भ में आज असम के पर्यावरण और वन विभाग आदि के मंत्री चंद्रमोहन पटवारी, दरंग-उदालगुरी के सांसद दिलीप शैकिया की उपस्थिति में दरंग के जिला आयुक्त कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 8 सितंबर को प्रधानमंत्री की यात्रा के संबंध में सभा स्थल तय करने के लिए चर्चा की गई। सांसद दिलीप शैकिया ने एक कमेटी बनाने का प्रस्ताव दिया। मंत्री चंद्रमोहन पटवारी और सांसद दिलीप शैकिया संयोजक होंगे और दरंग जिले के साथ-साथ नजदीकी जिलों के विधायक सदस्य के रूप में रहेंगे। वे 7 जून को प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अंतिम निर्णय



लेंगे। मंत्री और सांसद दोनों ने प्रधानमंत्री की यात्रा के मद्देनजर सभी विभागों को तैयार रहने का आह्वान किया। गौरतलब है कि 5000 करोड़ की लागत से रिंग रोड और कुरुवा-नारेंगी पुल की आधारशिला प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित यात्रा में रखी जाएगी। इसके बाद बाढ़ से निपटने की तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। मंत्री चंद्रमोहन पटवारी और सांसद दिलीप शैकिया ने जिला प्रशासन को हालात पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग, जल संसाधन विभाग आदि को हर समय तैयार रहने को कहा। बाढ़ राहत में देरी न हो, इसके लिए तुरंत आपूर्ति का सही प्रबंध करने को कहा गया। संबंधित विभागों को बाढ़ के समय अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए कहा गया। बैठक में कमलपुर के विधायक दिगंत कलिता, रंगिया के विधायक भवेश कलिता, सिपाझार के विधायक डॉ. परमानंद राजवंशी, मंगलदोई के विधायक बसंत दास, असम राज्य मत्स्य विकास निगम के अध्यक्ष गुरुज्योति दास, जिला आयुक्त पराग कुमार काकती, सहायक जिला आयुक्तों , सिपाझार और दलगांव, अतिरिक्त जिला आयुक्त और सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# असम राज्य चुनाव आयुक्त के रूप में रंजन शर्मा ने लिया शपथ। राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने दिए बधाई।



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो, असम** :असम के राज्य चुनाव आयुक्त का पदभार सेवानिवृत्त एसीएस अधिकारी रंजन शर्मा ने संभाल लिया है। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने 1 जून को रंजन शर्मा को इस पद की शपथ दिलाई है । बता दें कि मुख्य सचिव रवि कोटा ने समारोह की कार्यवाही शुरू करने के लिए राज्यपाल से अनुमति मांगी।

असम राज्य चुनाव आयोग (एएसईसी) में शामिल होने से पहले, रंजन शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष आयुक्त और सचिव के रूप में कार्यरत थे। असम सिविल सेवा (एसीएस) अधिकारी के रूप में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद वे सीएमओ में शामिल हुए थे। अब से रंजन शर्मा असम के राज्य चुनाव आयुक्त के रूप में शामिल होंगे। रंजन शर्मा से पहले के असम के चुनाव आयुक्त आलोक कुमार का कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो गया था।₹ बता दे कि, रंजन शर्मा चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार संभालने के बाद राज्य के मुख्य सचिव रवि कोटा ने उनको ढेर सारे बधाईयाँ देते हुए उनके साथ मिलकर काम करने की उत्सुकता जताई।

# भाजपा कार्यकर्ता पूर्वोत्तर में बाढ़ प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करें : नड्डा

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में लगातार भारी बारिश से प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा जारी सलाह का पालन करने का अनुरोध किया। नड्डा ने सोशल मीडिया



मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, ह्लपूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में लगातार भारी बारिश से प्रभावित लोगों के लिए गहरी चिंता है। मैंने भाजपा की राज्य इकाइयों और कार्यकताओं को जारी दिशानिर्देशों के अनुसार हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।ह्व उन्होंने कहा, ह्लमैं प्रभावित क्षेत्रों में सभी लोगों से आवश्यक सावधानी बरतने, अनावश्यक यात्रा से बचने और स्थानीय अधिकारियों की सलाह का पालन करने का आग्रह करता हूं।ह्व पूर्वोत्तर राज्यों असम, मेघालय, मणिपुर, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति गंभीर है।

# दिल्ली सरकार ने स्कूलों में एनईपी हेतु नोडल शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
नई दिल्ली। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के स्कूल स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने अपने स्कूलों में नोडल शिक्षकों को नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक परिपत्र के अनुसार, यह पहल शिक्षकों को जमीनी स्तर पर एनईपी से जुड़े सुधारों को लागू करने के लिए आवश्यक कौशल और समझ प्रदान करने के व्यापक प्रयास



का हिस्सा है। पिछले महीने जारी किए गए परिरपत्र के अनुसार शिक्षा निदेशालय (डीओई),नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी),दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली छावनी परिसद (डीसीबी) के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक स्कूल से एक शिक्षक को नियुक्त करने के लिए कहा गया है, जो अपने विद्यालय में एनईपी से जुड़ी गतिविधियों के प्रमुख समन्वयक और मार्गदर्शक की भूमिका निभाएंगे। परिरपत्र में बताया गया कि ये नोडल शिक्षक नीति को कक्षा में लागू करने में मदद करेंगे। शिक्षकों नियुक्त करने के लिए नामांकन की प्रक्रिया गूगल फॉर्म के माध्यम से की जाएगी और इसकी अंतिम तिथि 15 जून रखी गई है।

# पेज एक का शेष...

## तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केस देश में 3961 सक्रिय मामले

जबकि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 483 हो गई। देश में 1 जनवरी 2025 से अब तक कई राज्यों में 32 मौतें हुई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रविवार से सक्रिय मामलों की संख्या में 203 नए मामले जुड़े हैं।

शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने आश्वासन दिया कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में सबसे अधिक प्रभावित राज्य केरल में 1,435 सक्रिय मामले सामने आए हैं, इसके बाद महाराष्ट्र में 506, दिल्ली में 483, पश्चिम बंगाल में 339 और गुजरात में 338 सक्रिय मामले हैं। दिल्ली के अलावा, पिछले 24 घंटों में केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में कोविड से संबंधित एक-एक मौत की सूचना मिली है।

दिल्ली में पीड़ित एक 22 वर्षीय महिला थी, जिसे पहले से ही फेफड़ों की बीमारी थी, जबकि तमिलनाडु में इसी तरह की ब्रोन्कियल समस्याओं से पीड़ित 25 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।

महाराष्ट्र में एक 44 वर्षीय व्यक्ति की मौत की सूचना मिली है, और केरल में हुई मौत के विवरण की प्रतीक्षा है। केंद्र सरकार के सूत्रों के अनुसार, भारत में कोविड-19 की स्थिति पर अधिकारियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। संक्रमण की गंभीरता कम बनी हुई है, अधिकांश रोगी घर पर ही आइसोलेशन में रहकर ठीक हो रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि इस समय चिंता का कोई कारण नहीं है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से कोविड-19 तैयारियों पर तत्काल जानकारी मांगी, कहा- महामारी अभी खत्म नहीं

अवमानना याचिका और केंद्र का अनुपालन-अदालत डॉ. रोहित जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 27 जनवरी 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया। इस आदेश में केंद्र को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि केंद्र ने इन दिशानिर्देशों को तैयार नहीं किया।

केंद्र को 12 सप्ताह में निर्णय का निर्देश-पीठ ने जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र को इसे एक अभिवेदन के रूप में लेने और 12 सप्ताह में तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारी निर्देशों से अवगत हों और छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करें।

30 मई 2023 की बैठक और उप-समितियों का गठन-30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए मानक प्रक्रियाएं और भंडारण दिशानिर्देश तैयार करने थे। उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया-अदालत ने पाया कि केंद्र ने बैठक के निर्णयों और उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया। हालांकि, प्रथम दृष्टया उप-समितियों के गठन के निर्णय के आधार पर अवमानना याचिका कायम न रहने की बात कही गई। अगली सुनवाई 18 जुलाई को-अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है और केंद्र से तत्काल मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू करने और स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है।

## आज से शुरू हो जाएगा राम मंदिर का दूसरा प्राण प्रतिष्ठा समारोह

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

यह सुखद संयोग है कि पांच जून को गंगा दशहरा का पवित्र पर्व है। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन भी है। 101 वैदिक कर्मकांडी तीनों दिन प्राण प्रतिष्ठा के विभिन्न अनुष्ठान संपन्न कराएंगे।

## चंपत राय की दो टूक, प्राण प्रतिष्ठा शब्द सुनकर कृपया न आएं, किसी को बुलाया नहीं गया

उन्होंने कहा कि अभी मौसम भी अनुकूल नहीं है। राम दरबार व परकोटे में बनाए गए मंदिरों का दर्शन श्रद्धालु अभी कुछ महीने नहीं कर पाएंगे। राम मंदिर निर्माण की बाधाएं अभी सामने आ रही हैं। चंपत राय ने कहा कि पांच जून को राम दरबार व परकोटे में बने मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। आज दो जून को शाम 4:00 बजे सरयू तट से राम मंदिर के लिए निकलेगी जल कलश यात्रा। कल तीन जून 6:30 बजे अनुष्ठान शुरू होगा।

राजा राम के दरबार की होगी स्थापना -22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम बालक राम के रूप में स्थापित किए गए थे। अब दूसरी प्राण प्रतिष्ठा में भगवान राम राजा के रूप में स्थापित किए जाएंगे। राम मंदिर के पहले तल पर राजाराम का दरबार होगा। इस दरबार में भगवान राम उनके अनुज लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी और सेवक हनुमान होंगे। पांच जून को अयोध्या में पूरी तरह से बन कर तैयार राम मंदिर के दूसरे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओ में भी भारी उत्साह है। रामलला के दर्शन करने के बाद राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालु उत्साहित हैं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के बारे में एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि रामनगरी फुलप्रूफ सुरक्षा के लिहाज से परिपूर्ण है। जो भी कार्यक्रम स्थल हैं, वहां पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही जो श्रद्धालु अयोध्या में दर्शन करने आ रहे हैं, उनको भी कोई दिक्कत न होने पाए, इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।

उप मंदिरों में सात देव विग्रहों की होगी प्राण प्रतिष्ठा -राजा राम के साथ सात अन्य उप मंदिरों में भी स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसमें परकोटा के ईशान कोण पर शिवलिंग, अग्नि कोण में प्रथम पूज्य श्रीगणेश, दक्षिणी भुजा के मध्य में महाबली हनुमान, नैरित्र कोण में प्रत्यक्ष देवता सूर्य, वायव्य कोण में मां भगवती, उत्तरी भुजा के मध्य में अन्नपूर्णा माता के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके साथ ही मुख्य मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार और परकोटा के दक्षिणी पश्चिमी कोने में शेषावतार प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 16 महीने बाद राजा राम की हो रही प्राण प्रतिष्ठा, कौन होगा मुख्य अतिथि-रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के 16 महीने बाद अयोध्या में पूरी तरह से बनकर तैयार भव्य राम मंदिर के एक और प्राण प्रतिष्ठा और अभिषेक समारोह की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले 22 जनवरी को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस कार्यक्रम में 8000 से अधिक लोगों ने भाग लिया था। इसके मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम एक तरह से मंदिर निर्माण का समापन भी होगा, जो पांच अगस्त 2020 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद शुरू हुआ था।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अयोध्या में राम मंदिर भवन निर्माण समिति का गठन किया गया था। इसकी कमान प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्र संभाल रहे हैं। राम मंदिर के पहले तल पर राजाराम का दरबार होगा। यहां पर सभी दरवाजे लगा दिए गए हैं। परकोटा के बीच निर्मित छह पूरक मंदिरों व सप्त ऋषियों के सात मंदिरो में भी कपाट लगाने का काम पूरा हो गया है। शिव मंदिर में शिवलिंग की स्थापना का काम चल रहा है। श्रीराम जन्मभूमि के 2.77 एकड़ पर निर्मित राम मंदिर के पहले तल पर भगवान श्रीराम, माता जानकी और उनके तीनों अनुज व हनुमान जी का विग्रह स्थापित किया जा चुका है। इसी की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। राम मंदिर का निर्माण पारंपरिक नागर शैली में किया गया है। इसकी लंबाई पूरब पश्चिम 380 फीट, चौड़ाई 250 फीट और ऊंचाई 161 फिट है। यह कुल 392 खंभों और 44 दरवाजों से युक्त है।

## लखनऊ से मुंबई के बीच चल सकती है पहली स्लीपर वंदे भारत

तेजस की तरह यह ट्रेन भी हफ्ते में चार दिन चलाने की तैयारी है। हालांकि, इसके लिए रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद ही ट्रेन का रूट और शेड्यूल जारी किया जाएगा। जुलाई से ट्रेन का संचालन शुरू होने की संभावना है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि छह महीने से इस रूट का सर्वे चल रहा था। पहले कानपुर, मथुरा, आगरा के रास्ते मुंबई जाने का प्रस्ताव था। फिर बरेली से आंवला, चंदौसी, मुरादाबाद, गाजियाबाद, निजामुद्दीन होते हुए आगरा और फिर मुंबई तक का रूट देखा गया। आखिर में बरेली जंक्शन होकर मुंबई जाने का रूट तय किया गया। अब यह ट्रेन लखनऊ से हरदोई, शाहजहांपुर, बरेली जंक्शन, रामपुर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, निजामुद्दीन, आगरा होते हुए मुंबई जाएगी। इस रूट से उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के कई जिलों से मुंबई की यात्रा सुविधाजनक हो जाएगी।

इस ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे। इनमें एसी फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड के अलावा दो एसएलआर कोच भी होंगे। ट्रेन की क्षमता लगभग 1200 यात्रियों की होगी। ट्रेन की समय सारणी तय करने का काम अंतिम चरण में है और जुलाई से ट्रेन को शुरू करने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। यह ट्रेन सप्ताह में चार दिन चलेगी। फिलहाल लखनऊ-मुंबई के बीच ट्रेनों को 16 से 17 घंटे का समय लगता है, लेकिन स्लीपर वंदे भारत 10 घंटे में सफर पूरा करेगी।

गौरतलब है कि यूपी के वाराणसी से देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू हुई थी। 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यह ट्रेन वाराणसी से नई दिल्ली के बीच चलती है और इसकी रफ्तार व सुविधाओं के कारण यात्रियों में काफी लोकप्रिय है। अब वाराणसी और नई दिल्ली के बीच दो वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं, जिससे रोजाना हजारों यात्री लाभान्वित हो रहे हैं।

यात्रियों को मिलेगा बेहतर अनुभव-अभी मुंबई के लिए फिलहाल बरेली-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस और रामनगर-बांद्रा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चल रही हैं। लेकिन इनमें अक्सर सीटों की भारी कमी रहती है। नई स्लीपर वंदे भारत के शुरू होने से यह दिक्कत काफी हद तक दूर होगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह ट्रेन राजधानी और शताब्दी एक्सप्रेस से भी तेज चलेगी और यात्रियों को बेहतर अनुभव देगी। यूपी से मुंबई तक का यह सफर अब न सिर्फ आसान, बल्कि बेहद आरामदायक और तेज होगा। यात्रियों को इस नई सौगात का बेसब्री से इंतजार है।

## ओवैसी ने पाकिस्तानी आतंकी संगठनों की तुलना अलकायदा से की, बोले- जेल में रहते हुए लखवी बाप कैसे बन गया

ओवैसी ने आतंकवादी जकीउर रहमान लखवी के प्रति पाकिस्तान के पक्षपातपूर्ण व्यवहार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जकीउर रहमान लखवी नामक एक आतंकवादी था - दुनिया का कोई भी देश ऐसे आतंकवादी को अनुमति नहीं देगा, जिस पर आतंकवाद का आरोप हो। वह जेल में रहते हुए ही एक बेटे का पिता बन गया। जब पाकिस्तान को (एफएटीएफ की) ग्रे सूची में डाला गया, तो मुकदमा तुरंत आगे बढ़ गया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद दो चीजों पर जीवित रहता है - विचारधारा और पैसा। विचारधारा, आप अच्छी तरह जानते हैं, आपने काला दशक देखा है, यहां तक ??कि दक्षिण अल्जीरिया में भी, आपको अभी भी कुछ समस्याएं हैं। उस बिंदु पर, हम एक साथ हैं... एक बार जब आप पाकिस्तान को ऋअळऋग्रे सूची में वापस लाएंगे, तो हम भारत में आतंकवाद में कमी देखेंगे।

ओवैसी ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दक्षिण एशिया में फैल रहे पाकिस्तान के हिंसक प्रभाव के बारे में आगाह किया और देश को फिर से ऋअळऋग्रे लिस्ट में डालने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ. दक्षिण एशिया का सवाल नहीं है। हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। क्या होगा? क्या आप चाहते हैं कि यह सब नरसंहार दक्षिण एशिया के अलग-अलग हिस्सों में फैल जाए? नहीं। आतंकवाद के मुख्य प्रायोजक पाकिस्तान पर नियंत्रण करना विश्व शांति के हित में है। इसे फिर से ऋअळऋग्रे लिस्ट में लाना होगा। बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में निशिकांत दुबे, एस. फागनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला जैसे वरिष्ठ सांसद और अधिकारी शामिल हैं।

## भारत की मांग पर रूस देने वाला है ऐसा सुरक्षा कवच, चीन-पाकिस्तान पहले ही कर देंगे

एस-400 सिस्टम के लिए अनुबंध पर शुरूआत में 2018 में हस्ताक्षर किए गए थे, जिसकी कीमत 5.43 बिलियन डॉलर थी और इसमें पांच रेजिमेंट शामिल हैं। पहली रेजिमेंट दिसंबर 2021 में आई, जबकि दूसरी और तीसरी रेजिमेंट क्रमशः अप्रैल 2022 और अक्टूबर 2023 में वितरित की गईं। अंतिम दो इकाइयों की डिलीवरी अगले दो वर्षों में की जानी है, जिससे भारत का इस उन्नत वायु रक्षा प्रणाली का अधिग्रहण पूरा हो जाएगा। भारत में "सुदर्शन चक्र" के नाम से मशहूर एस-400, 380 किलोमीटर तक की डिटेक्शन रेंज के साथ रणनीतिक बमवर्षक, लड़ाकू जेट, ड्रोन और मिसाइलों सहित कई तरह के हवाई खतरों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसके शक्तिशाली रडार, मिसाइल लांचर और कमांड सेंटर इसे एक साथ कई खतरों को लक्षित करने में सक्षम बनाते हैं, जिससे भारत को अपनी वायु रक्षा क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि मिलती है। हालांकि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण एस-400 की मूल डिलीवरी शेड्यूल में देरी हुई, जिसने उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित किया, लेकिन बाबुश्किन ने आश्वासन दिया कि शेष इकाइयों को सहमत समयसीमा के अनुसार वितरित किया जाएगा। एस-400 प्रणाली की उन्नत तकनीक और लंबी दूरी की क्षमताओं ने इसे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बना दिया है, दोनों देशों के बीच वायु रक्षा सहयोग के आगे विस्तार के लिए संभावित चचाएँ चल रही हैं। यह साझेदारी रक्षा के क्षेत्र में भारत और रूस के बीच मजबूत ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित करती है और तेजी से अस्थिर वैश्विक सुरक्षा वातावरण में रणनीतिक रक्षा सहयोग के बढ़ते महत्व को उजागर करती है।

## सुकमा जिले में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। चव्हाण ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की नियद नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुविधाजनक बनाना है।

केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त-अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों की केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) कंपनी नंबर दो की सदस्य रीता उर्फ डोडी सुक्की (36) और माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर एक के एक पार्टी सदस्य राहुल पुनेम (18) के सर पर आठ—आठ लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लेकम लखमा (28) पर तीन लाख रुपये तथा तीन अन्य नक्सलियों के सर पर दो—दो लाख रुपए इनाम था। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से नौ केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। उनके आत्मसमर्पण के बाद, यह ग्राम पंचायत नक्सल मुक्त हो गयी है।

गांव को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा- उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की एलवद पंचायत योजना के अनुसार, गांव को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की नई नक्सल आत्मसमर्पण/पीड़ित सहायता एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत राज्य सरकार ने ह्यएलवद पंचायत योजनाह्न शुरू की है, जिसमें उन ग्राम पंचायतों के लिए एक करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत करने का प्रावधान है, जो अपने क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में मदद करेंगे तथा खुद को माओवाद मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पारित करेंगे। राज्य सरकार की एलवद पंचायत योजना- राज्य सरकार द्वारा हाल ही में प्रोत्साहन योजना शुरू किए जाने के बाद जिले में यह दूसरी ऐसी ग्राम पंचायत है, जो इस समस्या से मुक्त हुई है। इस वर्ष अप्रैल माह में बड़ेसट्टी ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त घोषित किया गया था, जब वहां के सभी नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 50 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई है तथा सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। पिछले वर्ष बस्तर क्षेत्र में 792 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। बस्तर में सुकमा सहित सात जिले शामिल हैं।

## राजित गुप्ता ने पूरे देश में हासिल की रैंक-1

स्ट्रिक्ट शेड्यूल से मैं बचता था, क्योंकि वह अनावश्यक प्रेशर देता है। गलतियों से सीखा टॉप करने का फॉमूर्ला-राजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। मेरा की ऑफ सक्सेस है, हैप्पीनेस। हर हाल में खुश रहता हूं। अब भी मौका मिलता है तो कॉलोनी के बच्चों के साथ खेलता हूं। अपनी तैयारी को लेकर कॉन्फिडेंट रहता हूं। हालांकि, मैंने कभी पढ़ाई को लेकर स्ट्रिक्टली शेड्यूल फॉलो नहीं किया, क्योंकि इससे बिना मतलब प्रेशर पड़ता है। इसलिए जब मन होता था, तभी पढ़ता था लेकिन जितनी देर भी पढ़ता था, वो अच्छे से पढ़ता था। डाउट्स क्लीयर करने के बाद ही टॉपिक में आगे पढ़ता था। मेरा मुख्य ध्यान इस बात पर था कि मुझे गलतियां नहीं दोहरानी चाहिए, क्योंकि गलतियों को दूर करने पर ही आपके विषय की नींव मजबूत होती है।

# विदेशों में एक्सपोर्ट हो रहे यूपी के किसानों के खाद्यान्न : कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उन्नतशील बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके तहत सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सोमवार को हापुड़ जनपद की गढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव वनखण्डा पहुंचे। यहां उन्होंने किसानों के बीच जनसंवाद किया। साथ ही किसानों के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में भी किसानों को जानकारी दी। जनसंवाद के दौरान कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याओं को भी सुना और उनका निराकरण कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये ।

इस दौरान कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि भारत खेती-किसानी का देश है. आज भी 60 फीसदी की जनसंख्या खेती करने में और उससे संबद्ध है. सरकार द्वारा कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई है। जिसके तहत नई तकनीक की जानकारी किसानों को दी जा रही है । किसानों को उपजाऊ मिट्टी के बारे में जानकारी दी जा रही है ।. खाद्यान्न के साथ-साथ सब्जी, फलों और दूध के काम को किसान करें, जो आज तक परंपरागत रूप से चला आ रहा है, इसकी भी नई युवा पीढ़ी को जानकारी दी जा रही है। आज युवा किसान बहुत सारे सामान का एक्सपोर्ट दूसरे देशों को कर रहे हैं।जिसमें आम, दूध के सामान, सब्जियां, मिर्चियां और विभिन्न प्रकार के सामान हैं। अभी अमेरिका में भी भारत का आम गया है।

कृषि मंत्री ने बताया कि किसान कैसे गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करें, इसके लिए कृषि वैज्ञानिक जो प्रयोगशालाओं में काम करते हैं, खासतौर पर आईसीएआर

# हिंदू युवा वाहिनी की बैठक में मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिवस को धूमधाम से मनाने का निर्णय।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत की जिला कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें संगठन की भावी गतिविधियों को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक का मुख्य आकर्षण रहा ,5 जून को उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस भव्य रूप से मनाने का निर्णय। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजीव तोमर ने की, जबकि जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्र और हिंदुत्व के प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, कानून-व्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। ऐसे महापुरुष का जन्मदिन केवल समारोह नहीं, बल्कि एक प्रेरणा दिवस की तरह मनाया जाना चाहिए।

जन्मदिवस के अवसर पर होंगे विविध कार्यक्रमः जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने बताया कि 5 जून को जनपद के प्रत्येक ब्लॉक और नगर में सेवा, स्वच्छता एवं सद्भाव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान शिविर, भंडारे, पौधारोपण, गरीबों को वस्त्र वितरण तथा हवन-पूजन जैसे कार्यों के माध्यम से यह दिन एक जन-जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाएगा। कार्यकताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं को इस दिन के आयोजन से जोड़ें।

# दो लाख की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों पकड़ा गया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
मुरादनगर। एंटी करप्शन टीम ने मुरादनगर में कार्रवाई करते जीडीए के सुपरवाइजर को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। वहीं, मौके पर मौजूद जेई फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

पीड़ित आरोप है कि सुरेंद्र रावली मार्ग स्थित चुंगी नंबर तीन के पास एक प्लॉट का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। जीडीए का जेई बिना नक्शा पास किए निर्माण की अनुमति देने के बदले उनसे रिश्वत मांग रहा था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग से की, जिसके बाद टीम ने योजना बनाकर मंगलवार को ट्रैप लगाया।

जैसे ही सुपरवाइजर ने सुरेंद्र से दो लाख रुपये लिए, टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। टीम के पहुंचने की भनक लगते ही जेई वहां से भाग निकला।

इस कार्रवाई से जीडीए में फैले भ्रष्टाचार को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# मोनाड यूनिवर्सिटी में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई

## चार मंजिला निमार्णाधीन छात्रावास सील।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़। (एचपीडीए) हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने आज मोनाड यूनिवर्सिटी में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की। पिलखुवा के कस्तला कास्माबाद में स्थित यूनिवर्सिटी परिसर में 1000 वर्ग गज में बन रहे चार मंजिला हॉस्टल को सील कर दिया गया। हापुड़ की मोनाड यूनिवर्सिटी में रळॠकी टीम ने फर्जी मार्कशीट गिरोह का भंडाफोड़ किया था। इसके बाद चेयरमैन समेत 11 लोगों को जेल भेजा था। इसके बाद यूनिवर्सिटी भवन की जांच पड़ताल भी शुरू की। प्रवर्तन प्रभारी वीरेश कुमार राना और अवर अभियंता जितेन्द्रनाथ दुबे की टीम ने जांच में पाया कि यूनिवर्सिटी में बिना मानचित्र स्वीकृति के हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा था।

# सेंट एंजेल्स के मेधावी छात्र अंशुल दीक्षित ने आईआईटी एडवांस में पाई सफलता



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बागपत। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र अंशुल दीक्षित ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आई आई टी एडवांस उत्तीर्ण करके स्कूल व जनपद का नाम रोशन किया।

इस परीक्षा का परिणाम 2 जून को घोषित किया गया, जिसमे स्कूल के मेधावी छात्र अंशुल दीक्षित ने सफलता प्राप्त की। जिसमे अंशुल दीक्षित ने केटेगरी रैंक 4571 प्राप्त की। आई आई टी जेईई मैंस परीक्षा द्वारा 187223 बच्चो ने आई आई टी एडवांस परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया था। जिसमे से 54378 बच्चों ने आई आई टी एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर स्कूल में जश्न का माहौल रहा। इस परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षको को दिया और बताया कि स्कूल द्वारा उन्हें आई आई टी कंपटीशन के अनुरूप मार्गदर्शन दिया गया। जिसके कारण किसी अतिरिक्त कोचिंग के बिना उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने कहा कि अन्य सभी छात्र-छात्राओं को इस मेधावी छात्र के पद चिन्हों पर चलना चाहिए और कठिन परिश्रम करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर प्रदीप, बबलेश, राजीव, अमन, आशीष, कुलदीप, मनोज, अभिनव, ज्योति, गीता ,निधि आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# बैंक प्रबंधक ,पेट्रोल पंप, ज्वेलर्स और गैस एजेंसी संचालकों के साथ सुरक्षा को लेकर बैठक।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड। सर्किल के बाबूगढ़ थाने में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बैंक प्रबंधक ,पेट्रोल पंप, ज्वेलर्स और गैस एजेंसी संचालकों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए । इस दौरान सभी को बताया गया कि किसी भी सहायता के लिए वढ 112 या स्थानीय पुलिस को फोन करने पर तुरंत सहायता मिलेगी। थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय गुप्ता द्वारा बैठक का आयोजन किया गया था बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**सुरक्षा संबंधी निदेर्शों में शामिल हैं :** सुरक्षा उपकरणों की जांच और र ख र खा व ।सं दि ग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों का उपयोग।आपातकालीन स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचित करना।सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेना।

**इस पहल का उद्देश्य :** व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। अपराध को रोकने और आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने में मदद करना।व्यवसायिक समुदाय और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना।इस तरह की पहल से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में सुधार हो सकता है और अपराध को रोकने में मदद मिल सकती है।

# 'चेयरमैन की फैक्ट्री में डकैती मामला, सात दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली की फैक्ट्री में 27 मई को हुई डकैती के मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी न होने पर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। घटना को सात दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी नतीजे पर नहीं पहुँच सकी है। डकैती की यह वारदात शहर के प्रथम नागरिक के प्रतिष्ठान पर हुई थी, जिससे आमजन में भी भय और असंतोष का माहौल है। गंभीर होते मामले को लेकर मोदीनगर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने एसीपी को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें तीन दिन के भीतर डकैती का खुलासा करने की मांग की गई है।सभासद वेद प्रकाश चौधरी ने कहा, यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कांट्रैक्टर एसोसिएशन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय जनता पुलिस प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को विवश होंगे।सभासद प्रदीप शर्मा ने भी चेतावनी दी कि यदि समयबद्ध कार्रवाई नहीं हुई, तो जनआक्रोश सड़कों पर उतर सकता है।

# मोदीनगर घर के बाहर खड़ी में महिला से चेन लूट, सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस टीम

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**
मोदीनगर। शहर में लूटपाट की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रविवार शाम निवाड़ी रोड स्थित कान्हा एन्क्लेव कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एक महिला से बाइक सवार बदमाश ने चेन लूट ली और फरार हो गया।पीड़िता लता देवी अपनी बेटी के साथ कॉलोनी में रहती हैं। शाम करीब पांच बजे जब वे घर के बाहर अपने नाती को गोद में लेकर खड़ी थीं, तभी एक



नकाबपोश युवक बाइक से आया और उनके गले से सोने की चेन छीन ली। लूट के बाद बदमाश महिला को धक्का देकर फरार हो गया। अचानक हुई वारदात से महिला घबरा गई, लेकिन किसी तरह खुद को संभाला। घटना की सूचना पर निवाड़ी पुलिस चौकी और थाना मोदीनगर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कार्रवाई की बजाय थाने की सीमा को लेकर उलझन शुरू हो गई। देर तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि घटना किस थाना क्षेत्र में आती है। लता देवी ने निवाड़ी चौकी पर तहरीर दी है। मोदीनगर में पिछले डेढ़ महीने में महिलाओं से चेन लूट की यह चौथी घटना है, जिससे महिलाओं में भय और आक्रोश व्याप्त है।

# दिगंबर जैन मंदिर में सात दिवसीय शिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**
बागपत। श्री 1008 अजीतनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर बागपत में सात दिवसीय शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया।

इसमें श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से आए शास्त्री रागी जैन के निर्देशन में दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष पंकज जैन ,पीयूष जैन द्वारा आचार्य श्री के चित्र का चित्र आवरण किया गया। उसके बाद बबिता जैन ,पूनम जैन द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया।तत्पश्चात दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष पंकज जैन, पीयूष जैन द्वारा और धर्म जागृति युवा द्वारा बच्चों को पुस्तक आदि वितरित की गई। तत्पश्चात शास्त्री जी द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को ज्ञान प्रदान किया गया। अंत में सभी बच्चों को धर्म जागृति युवा द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। सांयकाल में शास्त्री रागी जैन द्वारा सभी लोगों को तत्वार्थ सूत्र का गहन अध्ययन कराया गया।

इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पंकज जैन, पीयूष जैन, अतुल जैन, बिजेन्द्र जैन, बबिता जैन, पूनम जैन, प्रवीण जैन ,सार्थक जैन और धर्म जागृति युवा मंडल के युवा मौजूद रहे।

# योग और चरित्र निर्माण शिविर में युवाओं ने दिखाया अनुशासन और समर्पण




**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**
मोदीनगर। आर्यवीर दल मोदीनगर के तत्वावधान में गाजियाबाद जिले के युवाओं के लिए 26 मई से 1 जून 2025 तक आर्य वीर योग एवं चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से युवाओं को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर के समापन से एक दिन पूर्व, आर्य वीर शिक्षार्थियों द्वारा पूरे शहर में एक भव्य संचलन निकाला गया। इस संचलन में घोष, डम्बल और दंड के माध्यम से योगिक अभ्यासों का प्रदर्शन किया गया। यह संचलन मोदी इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः वहीं समाप्त हुआ।

समापन समारोह में गुरुकुल नोएडा के कुलाधिपति जयेंद्र शास्त्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, योग शरीर की साधना है, और जब शरीर नियंत्रित होता है, तभी चरित्र निर्माण की नींव पड़ती है। चरित्रवान व्यक्ति ही जीवन में ऊंचाइयों को छू सकता है।

मुख्य अतिथि सतीश चंद्र अग्रवाल, प्रधानाचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज में संस्कार और नेतृत्व दोनों को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम का संचालन विश्व बंधु सचदेवा ने किया। समापन पर डॉ. पवन सिंघल, ने सभी आगंतुकों एवं अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही ऐसे आयोजनों की सफलता सुनिश्चित होती है।

# डीएम व एसएसपी की अध्यक्षता में ईद और गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर बैठक

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
हापुड़। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय व पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अध्यक्षता में ज्येष्ठ गंगा दशहरा एवं बकरीद पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने हेतु बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नमाज के वक्त ईदगाह व मस्जिद की साफ-सफाई हेतु नगरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी एवं पंचायती राज अधिकारी साफ सफाई सुनिश्चित कराएंगे,कुबार्नी स्थल परंपरागत रहें। किसी नये व खुले स्थानों पर कुबार्नी ना दी जाए।उसके उपरांत अवशेष को खुले में ना रखें उसको सही प्रकार से डिस्पोज किया जाये। उन्होंने मिश्रित



आबादी में खास तौर से ध्यान रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी ना दी जाए,सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए।

अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि इन त्योहारों पर विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे। गंगा दशहरा के पर्व को लेकर सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान आने वाले किसी भी श्रद्धालु को गंगा स्नान के दौरान कोई समस्या उत्पन्न ना हों, वह गंगा घाट पर बैरिकेडिंग के दूसरी ओर जाकर स्नान न करें। इसके लिए बार-बार एलाउंसमेंट किया जाए। फास्ट फूड एवं खाने पीने की दुकानें की खाद्य सुरक्षा विभाग अपनी टीम के साथ समय-समय जांच करते रहें। श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट ,चेंजिंग रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिला अधिकारी संदीप कुमार ,अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पुलिस क्षेत्राधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी , मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, मंदिर एवं मस्जिदों के धर्म गुरु सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## डराती है मामूली विवाद में सहपाठी की हत्या



हिसार में सहपाठी द्वारा प्रतिशोध में कक्षा दस के एक छात्र की गोली मारकर की गई हत्या ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। एक साल पहले स्कूल में डेस्क पर बैठने को लेकर विवाद की खुंदक आरोपी छात्र अपने दिमाग में पालता-पोसता रहा। फिर एक दिन सहपाठी को सुबह मिलने के बहाने बुलाया और अपने दादा के हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बेहद दुखद है और हर मां-बाप के लिये बेहद चिंता का विषय कि उनके बच्चे का सहपाठी भी इतना खूंखार हो सकता है। हमारे जिस समाज की प्यार, सामंजस्य व सहयोग के लिये मिसाल दी जाती थी, उसमें ये किशोर आखिर ऐसा भयानक कदम कैसे उठा रहे हैं? जिस उम्र में किशोरों को पढ़ना-लिखना था, उस समय में वे हिंसक गतिविधियों में क्यों लिप्त हो रहे हैं? दोषी तो आरोपी छात्र के अभिभावक भी हैं कि जिन्होंने घातक हथियार को लापरवाही से घर में छोड़ा, जिससे आरोपी ने हत्या को अंजाम दिया। बताते हैं कि आरोपी छात्र के दादा सेना से सेवानिवृत्त हैं और एक बैंक में सुरक्षा गार्ड हैं। कितनी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि मृतक छात्र अपने परिवार में इकलौता था और अपने परिवार को हमेशा के लिये रोता-बिलखता छोड़ गया। एक समय अमेरिका व यूरोप में ऐसी घटनाएं सुनने में आती थी। अब ये किशोर अपराध हमारे दरवाजों पर भी दस्तक देने लगे हैं। समाज में व्याप्त नकारात्मकता व हिंसक प्रवृत्ति का किशोरों द्वारा अनुकरण करना हमारे समाज के लिये खतरे की घंटी ही है।

बीते मार्च में दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक छात्र की ऐसी ही निर्मम हत्या हुई थी। वजीराबाद की घटना में एक नौवीं के छात्र का अपहरण करके उसके परिजनों से दस लाख की फिरौती मांगी गई थी। छात्र की हत्या के बाद जांच में पता चला कि उसके अपहरण व हत्या में तीन किशोर संलिप्त थे। आए दिन स्कूल-कालेज विवाद में हिंसक घटनाएं हमें परेशान करती हैं। यदि कम उम्र के बच्चों व किशोरों में बढ़ती हिंसक प्रतिशोध की प्रवृत्ति पर लगाम न लगी तो डर लगता है कि आने वाले समय में हमारे समाज का स्वरूप कैसे होगा। सवाल यह है कि आखिर किशोरों में आपराधिक प्रवृत्तियां क्यों पनप रही हैं। आखिर उन्हें मां-बाप का संघर्ष क्यों नहीं दिखायी देता कि वे कैसे उन्हें पाल-पोस व पढ़ा-लिखा रहे हैं? समाज विचार करे कि वे कौन से कारक हैं जो बच्चों को आपराधिक प्रवृत्ति का बना रहे हैं। उनके द्वारा ऐसे जघन्य अपराध को अंजाम देने के लिये जिम्मेदार प्रवृत्ति का स्रोत क्या है? ऐसे बच्चों में कानून का भय क्यों नहीं है? कभी लगता है कि हमारे जीवन का हिस्सा बने तकनीकी साधन बच्चों के विवेक पर आक्रमण कर रहे हैं। जिससे उनमें सही-गलत की सोच की प्रक्रिया बाधित हो रही है। कहा जा रहा है कि फिल्म, वेब सीरीज तथा इंटरनेट में व्याप्त आपराधिक कार्यक्रम उन्हें हिंसक बना रहे हैं। जिससे वे बेलगाम सपनों के संजाल में भी फंसते हैं, जिन्हें पूरा करने को वे हिंसक राह पर उतर जाते हैं।

# पंजाब में भाजपा की सियासी उदासीनता का सवाल



देश के सभी राज्यों में भाजपा की जीत का सिलसिला जारी है। लेकिन इस दल में किसी को, मोदी-शाह तक को भी, पंजाब के एक हिस्से यानी लुधियाना पश्चिम में उपचुनाव की परवाह क्यों नहीं? इतनी उदासीनता कि प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ कई माह पूर्व इस्तीफा दे चुके हैं और उनकी जगह किसी और को लाने की कोई योजना नहीं। वहीं कैप्टन अमरेंद्र सिंह सक्रिय राजनीति से दूर हैं।

लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 19 जून को होने वाले मतदान से सत्रह दिन पहले, पंजाब भाजपा दो सवाल पूछ रही है। पहला, यह लुधियाना पश्चिम है कहां? और दूसरा, लुधियाना पश्चिम से है कौन? पार्टी की राज्य इकाई में चला हुआ संकट पिछले कई महीनों से बाकी पूरे देश में चल रही उस आंधी से बिल्कुल अलहदा है, जिसने जिस किसी पार्टी की सरकार पर नजर गड़ा दी, उसे ही ध्वस्त कर डाला है। हरियाणा, महाराष्ट्र, दिल्लीझ्यहां तक कि मणिपुर में भी भाजपा के लोग स्थानीय स्तर पर सरकार बदलने के प्रयास में अधिकांश विधायकों (44) के समर्थन का दावा कर रहे हैं।

चौबीसों घंटे बतौर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का वजूद रेखांकित करवाने के लिए भाजपा के धुआंधार प्रचार को ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत नहीं है झ अपने 90 करोड़ सदस्यों के साथ भाजपा का दावा है कि वह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से भी बड़ी है।

निश्चित रूप से, ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पार्टी के भीतर, बल्कि पूरे देश और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कद को बढ़ाया है। पहली बार उन्होंने ही पाकिस्तान के काफी अंदर जाकर आतंकी ढांचे को निशाना बनाने का फैसला लिया। फिर, जब पाकिस्तानियों ने बारामूला से भुज तक भारतीय सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइलों की बौछार करके जवाबी हमला किया, तो यह प्रधानमंत्री ही थे जिन्होंने पाकिस्तान के 11 ठिकानों और रनवे पर बमबारी करके हवाई युद्ध को आगे विस्तार देने का फैसला लिया।

ब्रह्मोस मिसाइल ने निश्चित रूप से अपना काम बखूबी किया है, लेकिन रावलपिंडी स्थित पाकिस्तानी सेना मुख्यालय पर सीधा हमला करने के फैसले का श्रेय निश्चित रूप से पीएम मोदी को दिया जाना चाहिए। उनके अनन्य साथी, शक्तिशाली गृह मंत्री और मोदी के सबसे करीबी विश्वासपात्र अमित शाह के बारे में हम देख चुके हैं कि प्रधानमंत्री और उनके बीच निकटता इस कदर है कि जरा भी भेद नहीं है। मानो वे एक-दूसरे की बात को पूरा करते हैं। दोनों का, पार्टी और देश के मामलों में पूरा नियंत्रण है।

अमित शाह के बारे में बार-बार कहा जाता है कि वे कुछ भी संयोग पर नहीं छोड़ते। ऐसा कहा जाता है कि चुनाव पंचायत का हो या लोकसभा का, हरेक को ऐसे लड़ते हैं, मानो वह महाभारत की बिसात पर हों और हर जवाबी चाल के तोड़ में तीन चालें पहले से सोचकर चलते हैं। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के खत्म होने के कुछ ही दिनों के भीतर, जहां प्रधानमंत्री देश भर में दौरा करके लोगों को हाल ही में समाप्त हुए संघर्ष के बारे में अवगत करा रहे थे वहीं अमित शाह जमीन पर हुए नुकसान का आकलन करने के लिए जम्मू क्षेत्र में फिर से जा पहुंचे।

शायद, यह सब कुछ नया नहीं है। साल 2014 में पार्टी के सत्ता में आने के बाद से मोदी-शाह ने भाजपा और देश को अपने मुट्ठी में कर रखा है झ विपक्ष को विभाजित करना, समाज और मीडिया दोनों को प्रभावित करना, देवताओं का आह्वान करना और इसे राष्ट्रवाद से जोड़ देना, हालांकि, जैसा कि हम जानते हैं, हिंदू देवताओं के बारे में भी कई प्यारी चीजें हैं! सभी पार्टी अध्यक्षों, पिछले और वर्तमान, को यह बात अच्छी तरह पता है।

हिमाचल प्रदेश से संबंध रखने वाले और सौम्य स्वभाव के वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा तक को भी मालूम नहीं होगा कि उनका विस्तारित अध्यक्ष पद कब तक और कितने समय तक रहने वाला है। कहा जाता है कि आरएसएस पूरी तरह से मोदी की गाड़ी पर सवार है, हिंदुत्व का इसका संदेश देशभर में फैलाया जा रहा है; अपने शताब्दी वर्ष में इससे ज्यादा और क्या चाहिए।

तो, पहले प्रश्न पर वापस आते हैं। भाजपा में कोई भी, यहां तक कि मोदी-शाह को भी, पंजाब के एक हिस्से यानि लुधियाना पश्चिम में उपचुनाव की परवाह क्यों नहीं है, इसे देखते हुए कि पंजाब एक सीमावर्ती सूबा है, और अभी-अभी पाकिस्तान के साथ लगभग युद्ध जैसी स्थिति से गुजरा है, भले ही लड़ाई मुख्य रूप से हवाई युद्ध रही; लेकिन संघर्ष विराम के एक दिन के भीतर ही आदमपुर में प्रधानमंत्री के अलावा और कोई नहीं आया क्योंकि यह दिखाना था कि एस-400 ने पाकिस्तान की हत्फ मिसाइलों को मार गिराया था।

# बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट की मजबूती से ही होगा बहुजनों का कल्याण : बुद्धिराम गौतम

## सोनारीकला में हुआ बसपा की बूथ कमेटियों का पुनर्गठन

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
अमेठी। रविवार की शाम सोनारीकला में रामकेश के घर पर बहुजन समाज पार्टी की बैठक हुई। बैठक में सोनारीकला बूथ नंबर 289,290,291 की बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से पुष्पेन्द्र कुमार साहू को सेक्टर का महासचिव बनाया गया। विधानसभा कमेटी के लिए प्रदीप कुमार भारती के नाम को प्रस्तावित किया गया। भीम कुमार पाल, दयाराम विश्व कर्मा और डॉ वंशीलाल गौतम को सेक्टर सचिव, राजेश कुमार, मुरली कुमार और पाचूराम को बूथ अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कार्यकताओं को बहुजन समाज पार्टी के लक्ष्य,अब तक के सफर और बहन मायावती की सरकार की उपलब्धियों और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मानवतावादी मूवमेंट की चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। पूर्व विधानसभा महासचिव मदन लाल साहू, पूर्व संगठन मंत्री बुद्धि राम गौतम, राजेन्द्र कुमार, सेक्टर अध्यक्ष अशोक भारती, गुलशन, बचई पाल, धर्मराज, सुभाष कुमार,रामराज चक्रवर्ती,राम जियावन आदि मौजूद रहे। बामसेफ की ओर से सेक्टर का संयोजन करने के लिए सुनील गौतम और डॉ वंशीलाल गौतम को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा 14 सूत्री ज्ञापन, टर्नओवर सीमा बढ़ाने की मांग




नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो
अमेठी। सोमवार को अमेठी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी संजय चौहान को मुख्यमंत्री के नाम 14 सूत्री ज्ञापन सौंपा। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर दिए गए इस ज्ञापन में व्यापारियों की समस्याओं का समाधान मांगा गया है। व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत हो रही कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। उनकी प्रमुख मांग है कि इस अधिनियम के तहत रजिस्ट्रेशन की वार्षिक टर्नओवर सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 40 लाख रुपये की जाए। इससे छोटे व्यापारियों को राहत मिल सकेगी। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि खाद्य पैकेजिंग पूरी तरह से कंपनियां करती हैं। रिटेल और होलसेल व्यापारियों के स्तर पर मिलावट संभव नहीं है। फिर भी उन्हें दंडित किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि केवल पैकिंग करने वाली कंपनियों को ही दोषी माना जाए। ज्ञापन में फूड एक्ट लाइसेंस न होने पर सजा का प्रावधान समाप्त करने की मांग की गई है। साथ ही जुमार्ना रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस फीस के दोगुने से अधिक न हो। व्यापारियों ने पूर्णकालिक न्याय निर्णायक अधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की है। उन्होंने सैम्पलिंग के दौरान व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है, जिससे विभागीय भ्रष्टाचार पर रोक लग सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे मिले पत्रकार की इलाज के दौरान मौत

## बेटे का आरोप-संतोष गुप्ता ने छत से फेंका।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
अमेठी। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर गांव निवासी पत्रकार प्रदीप त्रिपाठी (62) की रविवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे 18 मई को अमेठी पुलिस लाइन के पास सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे। वहीं मृतक के बेटे अमित त्रिपाठी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस लाइन के पीछे रहने वाले संतोष गुप्ता ने फोन कर उनके पिता को अपने घर बुलाया और विवाद के बाद उन्हें छत से नीचे धक्का दे दिया। हादसे के बाद किसी राहगीर ने पत्रकार प्रदीप को सीएचसी में भर्ती कराया।



अमित का कहना है कि काफी देर तक पिता की जानकारी न मिलने पर वह उन्हें ढूंढते रहे। बाद में सीएचसी से जानकारी मिली कि उनके पिता घायल अवस्था में भर्ती हैं। हालत गंभीर देख परिजनों ने उन्हें दिल्ली के अपोलो अस्पताल रेफर कराया, जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। बेटे का आरोप है कि घटना के दिन ही थाने में लिखित तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उन्होंने कहा कि 15 दिन तक कार्रवाई की मांग करते रहे, लेकिन पुलिस टालती रही। इंस्पेक्टर रवि कुमार सिंह ने बताया कि 20 मई को मामले की शिकायत मिली थी। आरोपी के घर पर न मिलने और पीड़ित पक्ष की ओर से बयान उपलब्ध न होने के कारण कार्रवाई में देरी हुई। अब परिजन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नवतपा में बाराबंकी में बढ़े मरीज

## बुखार और पेट की बीमारियों से लोग परेशान



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बाराबंकी। शहावपुर कस्बे में नवतपा के दौरान बढ़ते तापमान से बीमारों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ग्राम पंचायत सुरसंडा में स्थिति विशेष ध्यान मांग रही है।

स्थानीय समाजसेवी रहमान अली खान की तबीयत आज सुबह अचानक बिगड़ गई। परिवार ने तुरंत नजदीकी चिकित्सक डॉ. संजय को बुलाया। डॉ. संजय ने बताया कि गर्मी के कारण ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं। डॉक्टर ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि जरूरी काम पर ही बाहर निकलें। मुंह को ढककर चलें और अधिक से अधिक पानी व तरल पदार्थों का सेवन करें।

रहमान अली की स्थिति की जानकारी मिलते ही उनके सहयोगी उनसे मिलने पहुंचे। इनमें पत्रकार विशाल गुप्ता, एडवोकेट जब्बार अहमद, पत्रकार शाहिद हुसैन, वसी अहमद और मोहम्मद उमर शामिल थे। क्षेत्र में बुखार और पेट संबंधी बीमारियों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

# बाराबंकी में 87 करोड़ की लागत से बनेगा रेलवे ओवरब्रिज।

## पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत के प्रयास से मिली मंजूरी, नगरवासियों ने किया स्वागत।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बाराबंकी। बंकी-बाराबंकी रेलवे क्रॉसिंग पर जल्द ही यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। रेलवे मंत्रालय ने 87 करोड़ रुपये की लागत से ओवरब्रिज निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह मंजूरी निवर्तमान सांसद उपेंद्र सिंह रावत के प्रयासों से मिली है। इस उपलब्धि पर बंकी के सैकड़ों नगरवासी पूर्व सांसद के आवास पर पहुंचे। उन्होंने फूल मालाएं पहनाकर सांसद का अभिनंदन किया। बंकी रेलवे स्टेशन पर व्यापारियों और क्रॉसिंग पर नगरवासियों ने भी उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इनमें अनुप यादव, सुनील कुमार मौर्या, देवराज त्रिपाठी, राहुल जैसवाल, सतीश जैसवाल और विद्या सागर शर्मा शामिल थे। साथ ही सभासद मनीष गौतम, राहुल रावत, रजी सिद्दीकी भी उपस्थित थे। बूथ अध्यक्ष आशीष अवस्थी और उत्कर्ष जैसवाल ने भी शिरकत की। पूर्व वाइस चेयरमैन खुशीराम यादव, भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिव स्वामी वर्मा और लघु उद्योग जिला संयोजक नवीन राठौर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और नगरवासी मौजूद रहे।

# 4 निजी वाहन का व्यवसायिक उपयोग मिलने पर प्रवर्तन टीमो ने किया सीज, 4 चालान



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बाराबंकी। निजी वाहनों के व्यवसायिक इस्तेमाल पर परिवहन विभाग ने टैक्स चोरी करने वाले वाहनो के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 4 वाहनो (आर्टिगा, बोलेरो) को थाना मोहम्मदुपर चौकी पर सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला एंव यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने लखनऊ.बाराबंकी हाइवे पर चेकिंग के दौरान पत्रावलियो की जांच करते हुये 4 निजी वाहनो का कमर्शियल उपयोग मिलने पर थाना मोहम्मदपुर चौकी पर सीज किया। तथा अन्य अभियोगो मे 4 चालान भी किये

# खनन अधिकारी की कार्यवाही से खनन ठेकेदारों में मचा हड़कंप

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बाराबंकी,मसौली । थाना क्षेत्र अंतर्गत भयारा मार्ग पर नैनामऊ मोड़ के निकट ट्रैक्टर और ढोलू करहा से पिछले कई दिनों से मिटी खनन किया जा रहा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी बाराबंकी द्वारा मौके पर तीन ट्रैक्टर ढोलू करहा सहित मिट्टी खनन में संलिप्त पाए गए। खनन अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करते हुए तीनों ट्रैक्टर को मसौली थाने के सुपुर्द कर दिया। वहीं इस संबंध में खनन अधिकारी बाराबंकी ने बताया कि बीते कई दिनों से अवैध खनन की सूचना मिल रही थी। सूचना पर मौके पर छापेमारी की गई इस दौरान मौके पर तीन ट्रैक्टर ढोलू करहा मिट्टी खनन में संलिप्त पाए गए। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर तीनों ट्रैक्टर ढोलू करहा को निकटतम थाना मसौली में खड़ा करवा दिया गया है।आगे भी मिट्टी खनन में संलिप्त माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं इस कार्यवाही से क्षेत्रीय खनन ठेकेदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

# बकरीद को लेकर AIMIM ने की तैयारियों की मांग: अमरोहा में जिलाध्यक्ष साजिद अली ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा में अक्टक्ट पार्टी के जिलाध्यक्ष साजिद अली चौधरी ने सोमवार को बकरीद की तैयारियों को लेकर डीएम से मुलाकात की। दोपहर बारह बजे वे अपने पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे।

उन्होंने डीएम को ज्ञापन सौंपकर आगामी 7 जून को होने वाले बकरीद त्योहार की तैयारियों को लेकर कई मांगें रखीं। जिलाध्यक्ष ने जनपद में सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने की मांग की। साथ ही त्योहार के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का आग्रह किया।

साजिद अली ने जनपद में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम की भी मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो जिससे कोई असामाजिक तत्व माहौल खराब न कर सके और आपसी सौहार्द बना रहे। इसके अलावा त्योहार के दौरान पूरे जनपद में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल की गई।

# डिजिटल मॉडल परवाह ने रचा कीर्तिमान, एक करोड़ लोगों ने सराहा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बरेली मुख्यमंत्री योगी और शासन की मंशा के अनुरूप चलाया गया बरेली जोन पुलिस का परवाह अभियान जन आंदोलन बन रहा है। देश भर में करीब 100 लाख लोग अब तक इस अभियान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ चुके हैं। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक डिजिटल सड़क सुरक्षा अभियान परवाह ने रिकॉर्ड सफलता अर्जित की है। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था।

बरेली जोन की 11 सोशल मीडिया टीम की सहभागिता से चलाए गए एक महीने के अभियान ने डिजिटल माध्यम



से सड़क सुरक्षा को लेकर नई लहर पैदा की। बरेली जोन की पुलिस ने अभियान को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया है।

एक्स और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया गया। इस अभियान में बरेली जोन के सभी नौ जिले बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर के साथ दो ट्रैफिक पुलिस टीम (बरेली व मुरादाबाद) भी शामिल रहीं।

# फिर रची ट्रेन पलटने की नाकाम साजिश
## इमरजेंसी ब्रेक लेकर रोकी टनकपुर-बरेली पैसेंजर

**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

बरेली। बीती रात खुराफाती तत्वों ने बरेली-पीलीभीत रेलखंड पर भोजीपुरा थाना क्षेत्र के दोहना में 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन पैसेंजर ट्रेन को पलटने की साजिश की। शरारती तत्वों ने रेलवे ट्रैक की कैंची में पत्थर भर दिए और दो स्थानों पर टीआरडी लाइन अर्थ लाइन को क्षतिग्रस्त कर उसके लोहे के एंगल को ट्रैक पर रख दिया। लोको पायलट ने शक होने पर इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को रोक दिया। इससे हादसा होने से टल गया। टनकपुर-बरेली जंक्शन पैसेंजर ट्रेन टनकपुर से प्रतिदिन रात 9:30 बजे टनकपुर से चलने के बाद 12:55 बरेली जंक्शन आती है। यह ट्रेन रविवार रात 11:58 बजे दोहरा स्टेशन के पास पहुंची थी। लोको पायलट को ट्रैक क्लियर न होने की शक हुआ और उसने इमरजेंसी ब्रेक लेकर ट्रेन को रोक दिया। नीचे उतर कर



देखा तो ओएचई का 8-टीडीआर और 4-टीडीआर अर्थ लाइन क्षतिग्रस्त थी। अर्थ लाइन के लोहे के एंगल को क्षतिग्रस्त करने के बाद रेल लाइन पर डाल दिया गया था। रेल ट्रैक की कैंची में पत्थर भरे हुए थे। लोको पायलट ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। सूचना मिलने के बाद इंस्पेक्टर जीआरपी अभिषेक शर्मा और भोजीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। 20 मिनट के बाद रेल लाइन को क्लियर कर ट्रेन को आगे रवाना किया गया है। मामले में आरपीएफ, जीआरपी और भोजीपुरा पुलिस संयुक्त जांच कर रही है। इंस्पेक्टर अभिषेक शर्मा ने बताया कि खुराफाती तत्वों की हरकत है।

ट्रैक पर पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है। साजिश करने वालों की तलाश की जा रही है। पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले टनकपुर पीलीभीत-बरेली रेलखंड पर पहले भी इस तरह की वारदात होती रही हैं। गौर करने की बात यह है कि हालिया घटनाओं में एक का भी खुलासा नहीं हो सका है। बरेली-टनकपुर रेलखंड में हाफिजगंज थाने के दिवनापुर हॉल्ट के पास 17 नवंबर 2024 को रेलवे ट्रैक पर 1.25 मीटर लंबा और 31 किलो वजनी लोहे का टुकड़ा रख कर ट्रेन पलटने की साजिश हो चुकी है।

# संक्षिप्त समाचार

## युवक को डायल 112 पर गलत सूचना देना पड़ा भारी



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

रामपुर शाहबाद। बिलारी थाना अंतर्गत गांव के युवक को डायल 112 पर गलत सूचना देना भारी पड़ गया। युवक की शाहबाद के शाहपुर देव गांव में ससुराल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की उसकी पत्नी से नाराजगी चल रही है। जिसको लेकर युवक कई बार डायल 112 पर सूचना देकर पुलिस बुला चुका है जबकि युवक की सूचना फर्जी होती है और कॉल करने का मकसद सिर्फ पुलिस को परेशान करना होता है। युवक अपनी पत्नी से विवाद के चलते बार बार कॉल कर पुलिस को गुमराह करता रहता है। रविवार को भी युवक ने पुलिस को फर्जी कॉल कर गुमराह किया और अभद्र व्यवहार किया। पुलिस युवक के बारे में जानकारी जुटा धर दबोचकर थाने ले आई। कोतवाल पंकज पंत ने बताया कि नशे में पुलिस से अभद्रता करने पर युवक का शांति भंग चालान किया गया है।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान तिराहे से हटाया प्याऊ अब भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे राहगीर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



रामपुर शाहबाद। भीषण गर्मी का मौसम, कदम कदम चलने के बाद गले को ठंडे पानी पीने की तलब, लेकिन शाहबाद के बिलारी तिराहे पर नगर पंचायत की तरफ से ठंडे और स्वच्छ पानी का कोई इंतेजाम नहीं है। पहले तिराहे पर ठंडे पानी का एक प्याऊ लगा हुआ था लेकिन चौराहे से अतिक्रमण हटाने के दौरान उसे भी हटा दिया गया। अब नगर के मुख्य चौराहे पर आने जाने वाले राहगीर ठंडे पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे है।शाहबाद नगर के बिलारी चौराहे पर नगर पंचायत द्वारा प्याऊ लगाया गया था। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान कई माह पहले उसे भी हटा दिया गया। अब भीषण गर्मी के प्रकोप से चौराहे पर आने जाने वाले राहगीर व दुकानदार ठंडे और स्वच्छ पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। इसके चलते लोगों को पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। शाहबाद-बिलारी स्टेट हाइवे पर सैकड़ों की तादात में वाहन और हजारों राहगीरो का रोज गुजरना रहता हैं। गर्मी की शिद्दत में पानी पीने के लिए इधर-उधर भटकते रहते है।

## शहर की जनता हो रही प्रदूषण और जाम से परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

मुरादाबाद । शहरीकरण की गति दिन पर दिन तेज होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी इलाकों की ओर पलायन, जनसंख्या में वृद्धि और बुनियादी ढाँचे के विस्तार ने शहरों को नई पहचान दी है, लेकिन इसके साथ ही कई समस्याएं भी सामने आई हैं। मुरादाबाद जैसे तेजी से विकसित होते शहरों के लिए ये चुनौतियाँ और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं।

प्रदूषण : विकास में बाधा-शहरीकरण के कारण सबसे पहली और स्पष्ट समस्या है प्रदूषण। मुरादाबाद, जो कि पीतल नगरी के रूप में प्रसिद्ध है, अब वायु और जल प्रदूषण की गंभीर स्थिति से जूझ रहा है। उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, बढ़ते वाहन, और कचरे के प्रबंधन की कमी से शहर की हवा और नदियाँ दोनों प्रभावित हो रही हैं। आम नागरिकों को साँस लेने में कठिनाई, जलजनित रोगों का बढ़ना, और पर्यावरणीय असंतुलन महत्वपूर्ण समस्या हैं। ट्रैफिक जामः समय और ऊर्जा बबार्दी- मुरादाबाद में वाहनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जबकि सड़कें सीमित हैं। इसी के चलते यात्री घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं, जिससे ईंधन की बबार्दी और मानसिक तनाव रहता है। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की कमी और अनियोजित यातायात नियंत्रण व्यवस्था इस समस्या को और भी विकराल बना रही है। मुरादाबाद की पुरानी सड़कों और संकरी गलियों में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की सख्त जरूरत है। बेरोजगारीः अवसर की तलाश में युवा-शहरीकरण से जहां एक ओर विकास के अवसर पैदा होते हैं, वहीं दूसरी ओर बेरोजगारी की समस्या भी गहरा रही है। मुरादाबाद में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा के संसाधनों की कमी के कारण युवाओं को नौकरी के अवसर प्राप्त नहीं हो पाते।

# महानगर श्री संकटमोचन हनुमान जी को चढ़ेगा चांदी का मुकुट



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बरेली।पीलीभीत बाईपास रोड स्थित महानगर टाउनशिप के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में भक्तजनों के सहयोग से विक्रम संवत 2082 ज्येष्ठ मास शुक्ल के चतुर्थ बड़े मंगल दिनांक 03 जून, को चांदी का मुकुट अर्पित किया जायेगा। इस संबंध में मंदिर प्रांगण में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में मंदिर समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 10 अक्टूबर 2004 में कालोनी में मंदिर की स्थापना के बाद से विभिन्न विकास कार्य सम्पन्न हुए हैं। उन्होंने बताया कि आरंभ में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान मूर्ति की प्राण - प्रतिष्ठा होने के बाद शिव - परिवार, मां दुर्गा, और राधा - कृष्ण की मूर्तियों की प्राण - प्रतिष्ठा की गई। समिति अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर प्रांगण में वर्ष 2021 के जनवरी माह में पुजारी जी के आवास और फरवरी में श्री राम दरबार का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। एवं 8 दिसंबर 2021 को भगवान परशुरामजी का चित्र भी धूमधाम से स्थापित किया गया। मां तुलसी चबूतरा निर्माण भी हुआ। 22 अक्टूबर 2024 को पंजाब एंड सिंध बैंक के सौजन्य से मंदिर में वाटर कूलर लगवाया गया। इसे ही अनेक मंदिर में विकास कार्य किए गए। 3जून को दोपहर तीन बजे से सुंदरकांड पाठ, सायंकाल 5:30 बजे मुकुट पूजन एवं अर्पण कार्यक्रम होंगे।

## सत्येंद्र मिश्रा नगर पंचायत में विधि सलाहकार बनाए गए

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बरेली । फतेहगंज पूर्वी नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्रा को नगर पंचायत में विधि सलाहकार नियुक्त किया गया नगर की नई कॉलोनी बिलपुर में रहने वाले और फरीदपुर में बैठकर वकालत करने वाले बुद्धिमान अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्रा उर्फ रिंकू को नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी में विधि सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष संजय पाठक की सिफारिश पर नगर पंचायत द्वारा अधिवक्ता को सलाहकार के पद पर नियुक्त किया गया सत्येंद्र मिश्र को विधि सलाहकार नियुक्त किए जाने पर नगर में रहने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी एवं करणी सेवा की मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह राम यू भाजपा नेता पंकज अग्रवाल राजीव अग्रवाल सभासद नामित सभासद अमरनाथ कश्यप पवन गुप्ता आकाश अग्रवाल अवधेश कुमार पवन राज मिश्रा कामराज मिश्रा समेत सभी गणमान्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है।

# भीम आर्मी ने दिलाया दलित महिला को न्याय, फरीदपुर सीओ कार्यालय का घेराव कर दर्ज कराया मुकदमा




**नेशनल प्रेस टाइम, ब्यूरो**

**बरेली।** फरीदपुर तहसील के ग्राम गंगापुर गोटिया की दलित महिला के साथ कुछ दिन पूर्व हुई छेड़खानी की घटना को लेकर आज भीम आर्मी के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव विकास बाबू एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने फरीदपुर सीओ कार्यालय का घेराव किया। घेराव के दबाव में सीओ फरीदपुर ने तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए, जिससे पीड़ित परिवार को त्वरित न्याय की उम्मीद जगी है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, तहसील अध्यक्ष सुनीता सिंह, जिला उपाध्यक्ष पहलवान सिंह यादव, जिला प्रभारी पवन सागर, बुधपाल, धर्मपाल सागर, आकाश सत्यार्थी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भीम आर्मी ने चेतावनी दी कि यदि पीड़िता को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। संगठन ने प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि दलितों पर होने वाले अत्याचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

# नहर में सिक्के खोजने गया 5 साल का बच्चा डूबा
## अमरोहा में बीलना पुल के नीचे गहरे पानी में गिरा, अस्पताल में मौत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अमरोहा के नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई। राम गंगा पोषक नहर के बीलना पुल के नीचे सिक्के खोजने गए 5 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गई।

मोहम्मद इस्माइल का बेटा सैफ अली मोहल्ले के 6 अन्य बच्चों के साथ नहर में सिक्के खोजने गया था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की यह घटना है। बच्चा पुल के नीचे गहरे पानी में डूब गया। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर बच्चे को बाहर निकाला। उसे तुरंत निजी अस्पताल ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नहर में इस समय पानी कम था। हालांकि, पुल के नीचे गहराई होने के कारण पानी भरा हुआ था। स्थानीय लोगों के अनुसार, नहर के ऊपर से गुजरने वाले लोग अक्सर सिक्के फेंक देते हैं। इसी कारण बच्चे वहां सिक्के खोजने जाते हैं। नौगावां सादात थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि उन्हें अभी तक इस घटना की कोई जानकारी नहीं मिली है

## सत्येंद्र मिश्रा नगर पंचायत में विधि सलाहकार बनाए गए

बरेली ,फतेहगंज पूर्वी नगर के प्रसिद्ध अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्रा को नगर पंचायत में विधि सलाहकार नियुक्त किया गया नगर की नई कॉलोनी बिलपुर में रहने वाले और फरीदपुर में बैठकर वकालत करने वाले बुद्धिमान अधिवक्ता सत्येंद्र मिश्रा उर्फ रिंकू को नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी में विधि सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष संजय पाठक की सिफारिश पर नगर पंचायत द्वारा अधिवक्ता को सलाहकार के पद पर नियुक्त किया गया सत्येंद्र मिश्र को विधि सलाहकार नियुक्त किए जाने पर नगर में रहने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी एवं करणी सेवा की मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह राम यू भाजपा नेता पंकज अग्रवाल राजीव अग्रवाल सभासद नामित सभासद अमरनाथ कश्यप पवन गुप्ता आकाश अग्रवाल अवधेश कुमार पवन राज मिश्रा कामराज मिश्रा समेत सभी गणमान्य लोगों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है

# आखिर कब होगी कार्रवाई,तरस रही आँखें, मुरादाबाद में छात्रवृत्ति घोटाला

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,

मुरादाबाद । फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से छात्रवृत्ति घोटाले का मामला सामने आया है, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों ने गलत दस्तावेजों का उपयोग करके छात्रवृत्ति प्राप्त की। यह मामला महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों से जुड़ा है। जिसमें मुरादाबाद का हिंदू कॉलेज भी शामिल है।

**अलग-अलग कॉलेजों में प्रवेश लेकर छात्रवृत्ति प्राप्त की-** 2014-15 में उत्तर प्रदेश में 81.36 लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था, जिनमें से 23.84 लाख छात्रों के आवेदन संदेहास्पद पाए गए। इनमें से 53,956 आवेदन टखढ रूहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध चार कॉलेजों से थे, जिनमें मुरादाबाद का हिंदू कॉलेज भी शामिल है, जहां 3,631 संदिग्ध आवेदन पाए गए। छात्रों ने फर्जी मार्कशीट, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करके छात्रवृत्ति प्राप्त करने का प्रयास किया। कुछ छात्रों ने दो अलग-अलग कॉलेजों में प्रवेश लेकर दो स्थानों से छात्रवृत्ति प्राप्त करने की कोशिश की थी।

**फर्जी दस्तावेजों से छात्रवृत्ति प्राप्त करने की घटनाओं को रोकने की तैयारी** -राज्य सरकार ने इस घोटाले को गंभीरता से लिया है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों से नए सिरे से दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया शुरू की है। सरकार ने ऐसे छात्रों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के हाई स्कूल नामांकन नंबर और अन्य विवरण सरकार को प्रदान करने का निर्णय लिया है, ताकि भविष्य में फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से छात्रवृत्ति प्राप्त करने की घटनाओं को रोका जा सके।

यह घोटाला दशार्ता है कि कैसे कुछ लोग सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग करके लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया है। सरकार और संबंधित संस्थानों को चाहिए कि वे दस्तावेजों की सत्यता की जांच के लिए मजबूत प्रणाली विकसित करें, ताकि ऐसे घोटालों को रोका जा सके और योग्य छात्रों को उनका हक मिल सके।

बैठक | शिक्षा मित्रों की मानदेय बढ़ोतरी और स्थायीकरण की मांग

# हसनपुर में शिक्षामित्र संघ की बैठक, दो साथियों के निधन पर जताया शोक

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

हसनपुर-हसनपुर में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ब्लॉक इकाई की बैठक सोमवार को ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर पर आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान ने अध्यक्षता की। ब्लॉक मंत्री जगत सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने शिक्षा मित्रों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच शिक्षा मित्रों का वर्तमान मानदेय पर्याप्त नहीं है। उन्होंने मानदेय बढ़ाने के साथ ट्रांसफर व्यवस्था लागू करने की मांग



की।

ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह ने दो शिक्षा मित्रों के निधन की जानकारी दी। संघ के प्रांतीय उपमहामंत्री रमेश चंद्र मिश्रा और विकास क्षेत्र गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय महमूदाबाद में कार्यरत शिक्षामित्र बृजेश कुमार की बीमारी से मृत्यु हो गई है।

ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौहान ने उत्तर प्रदेश सरकार से शिक्षा मित्रों के स्थायीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र लंबे समय से बेसिक शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। बैठक में दोनों दिवंगत शिक्षा मित्रों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में जिला उपाध्यक्ष वरुण गुर्जर, महताबउद्दीन, दिग्विजय सिंह, भूरे सिंह, पन्नादत्त, रमेश सिंह, हरपाल सिंह, राजपाल सिंह चौहान समेत कई शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# बिजली-पानी की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर । वर्तमान में चल रहे नौ तपा में भी बिजली-पानी की समस्या ने आमजन-जीवन अस्त-व्यस्त करके रख दिया है। सरकारी मशीनरी की शिथिलता के चलते बिजली और पेयजल की किल्लत से अब लोग आजिज आ चुके हैं। इन समस्याओं को तत्काल दूर कांग्रेस कमेटी ने जिला संयोजक मुकुट सिंह बुन्देला व बलवान सिंह यादव के निर्देशन व जिलाध्यक्ष डा. दयाराम रजक के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है।



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुये कांग्रेसियों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को बताया कि जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है, वैसे वैसे लोगों को विद्युत और पेयजल की आपूर्ति बाधित हो रही है कहा कि कई स्थान ऐसे हैं, जहां विद्युत आपूर्ति कम अघोषित कटौती अधिक हो रही है। कांग्रेस ने जिला प्रशासन से मांग उठायी है कि जल्द ही समस्याओं का निराकरण करें। ज्ञापन देते समय जिला संयोजक मुकुट सिंह बुन्देला, बलवान सिंह यादव, जिलाध्यक्ष डा. दयाराम रजक, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, मकरंद किलेदार विक्की, असलम खान, आशाराम कुशवाहा, शंकर यादव, ऊदलसिंह चंदेल, रामनरेश दुबे, बहादुर अहिरवार एड., महेन्द्र, दीपक रायकवार, महिला जिला अध्यक्ष नेहा तिवारी, पुष्पेन्द्र के अलावा अनेकों कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# एंटी करप्शन की पूछताछ में कानूनगो ने उगले राज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। हम तो डूबेंगे ही सनम तुम्हें भी ले डूबेंगे...ये कहावत 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) नरेंद्र तरकर पर फिट बैठती है। एंटी करप्शन टीम की पूछताछ में नरेंद्र ने कई भ्रष्टाचार करने वाले कर्मचारियों के नाम उगले हैं। ये कर्मचारी अब टीम की रडार पर आ गए हैं। यही कारण है कि सदर तहसील के कर्मचारी फरियादियों को भी पैनी नजर से देख रहे हैं।

शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने सतोहा के असगरपुर निवासी कॉन्तेय और मुरारी लाल की शिकायत पर कानूनगो नरेंद्र को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। एक वरिष्ठ अधिकार के अनुसार तो एंटी करप्शन टीम की पूछताछ में



नरेंद्र ने कई कर्मचारियों के नाम बताए हैं, जो काम कराने की एवज में फरियादियों से घूस लेते हैं। वह भी मोटी रकम का खेला करते हैं। मामले का राजफाश होने के बाद टीम ने इन कर्मचारियों को भी रडार पर ले लिया है। हालांकि ये कर्मचारी नरेंद्र के पकड़े जाने के बाद सतर्क हो गए हैं। बाद गांव के एक दिव्यांग व्यक्ति ने लेखपाल पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। फरियादी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शिकायतकर्ता सूर्य प्रताप का आरोप है कि वह अपनी जमीन बेचना चाहते हैं, लेकिन लेखपाल उसमें अड़ंगा लगा रहे हैं। लेखपाल ग्राहकों को भड़का देते हैं कि यह जमीन विवादित है। इसलिए कोई ग्राहक लेने को तैयार नहीं हो रहा है। आरोप है लेखपाल ने उनसे 20 लाख रुपये की मांग की है। रकम नहीं देने पर वह ऐसा कर रहे हैं। एसडीएम सदर अभिनव जे जैन का कहना है मामला संज्ञान में नहीं है। अगर कोई शिकायत मिलेगी तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### व्रन्दावन में हे राधे करुणामयी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट योग शिविर का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। व्रन्दावन में हे राधे करुणामयी पब्लिक चेरिटेबल ट्रस्ट वृन्दावन मे आयुष विभाग की योग प्रशिक्षक शन्नो शुक्ला द्वारा नियमित योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा वृद्ध माताओं को उनकी आयु एवं स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योगाभ्यास कराया जा रहा। जिसमे सूक्ष्म व्यायाम की क्रियाये, आसन, प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नियमित योगा सन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया जा रहा है। योगाचर्या ने बताया कि इस वर्ष योग की थीम ₹एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग इसी विषय पर आधारित है इस वर्ष 21 जून का योग है।

### निषाद पार्टी का एक दिवसीय कैडर कैम्प सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर। प्रदेश अध्यक्ष निषाद पार्टी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में ब्लॉक तालबेहट के ग्राम वृंदावन में निषाद पार्टी द्वारा एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय रविंद्रमणि निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राज्य मंत्री ने निषाद पार्टी के कार्यकताओं को एक दिवसीय और आप लोगों का 4 जून को झांसी जाने को कहा जिससे

निषाद पार्टी के कार्यकताओं में आश्वासन दिया कि हम सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचेंगे पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश रैकवार हरपुरा ने सभी को झांसी जाने का आग्रह किया जिसमें लोकसभा में सह प्रभारी इंजीनियर अशोक रैकवार झांसी महासचिव मुकेश रैकवार जिला उपाध्यक्ष दीप कश्यप पंचम लाल रैकवार शंकर लाल रैकवार आनंद रैकवार आईसीएल झांसी भगवानदास राजू रामपुर सुनील रैकवार काशीराम गोलपुरा धरमलाल रामदयाल माटी सोमवती फूलवती हेमलता आदि मौजूद रहे।

### ब्राह्मण महामंडल महरौनी के निर्वाचन की तिथी हुई तय।

**15 जून,रविवार को निर्वाचन,आयोग का हुआ गठन।**

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर,महरौनी। ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान महरौनी (रजि0) के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यक्रम तहत ब्राह्मण महा मण्डल महरौनी का निर्वाचन 15 जून रविवार को नगर के टीकमगढ़ रोड स्थित बाजपेयी मैरिज गार्डन में सम्पन्न होगा। ब्राह्मण महामंडल महरौनी की एक बैठक शनिवार शाम आयोजित की गई, बैठक ब्राह्मण महामंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष लालाराम बाजपेयी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे समिति के समस्त पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ब्राह्मण महामंडल विधान सभा क्षेत्र का निर्वाचन 15 जून रविवार को एक दिवसीय कार्यक्रम तहत समय सुवह 11 बजे से शाम3.30 बजे तक नगर के टीकमगढ़ रोड स्थित बाजपेयी मैरिज गार्डन में सम्पन्न कराया जाएगा!

अध्यक्षता कर रहे बाजपेयी जी ने बताया कि बेठक में 5 सदस्यीय निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है, जिसमे निर्वाचन अधिकारी के रूप में बाबूलाल नायक, रामकिशोर दीक्षित, जगदीश प्रसाद बिरथरे, आशाराम तिवारी एवम अवध विहारी पटेरिया एडवोकेट को सर्व सम्मति से चुना गया। चुने गए निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम को साझा करते हुए बताया कि 15 जून रविवार को सुवह 11 बजे से 1 बजे तक नामांकन, दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच, दोपहर 2 बजे से 2.30 बजे तक नामांकन वापिस लेने का समय रहेगा,तो वहीं दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे तक सर्वसम्मति से अध्यक्ष, महामंत्री एवम कोषाध्यक्ष पदों पर घोषणा की जाएगी !तीनो पदों पर नामांकन शुल्क ? 2100 देय होगा, इसके साथ साथ युवा ब्राह्मण समिति का गठन भी किया जाएगा। ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान के संरक्षक मण्डल द्वारा महरौनी विधान सभा क्षेत्र के समस्त विप्रो से निर्वाचन में समय से उपस्थित होने की अपील की है।

# नमामि गंगे योजना में हो रही अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ उठाई आवाज

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

ललितपुर। जनपद सहित सूखाग्रस्त इलाकों में प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप नमामि गंगे योजना के तहत पाईप पेयजल योजना का काम किया जा रहा है, जिससे शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में रहने वाले आम जनमानस के घर शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा सके। लेकिन इस सरकार के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसका परिणाम में हुआ कि लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इसी मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के जागरूक प्रतिनिधि ने जनपद भ्रमण पर आए सचिव को ज्ञापन दिया और पूरे मामले की जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग उठाई। सचिव को दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि नमामि गंगे परियोजना, जी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता एवं संकल्पशक्ति का प्रतीक है, उसका उद्देश्य गंगा नदी सहित अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण,



स्वच्छता औरसतत विकास है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा सभीजनपदों में विविध कार्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

परंतु अत्यंत सखेद के साथ अवगत कराना है कि जनपद में इस योजना के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं जिला स्तरीय अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदारों की मिली भगत से गंभीर अनियमितताएं व भ्रष्टाचार सामने आ रहे हैं, जो न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग है, बल्कि इस ऐतहासिक योजना की गरिमा एवं योगी आदित्यनाथ की छवि को भी धूमिल करने का प्रयास है। बताया गया है कि शहरी इलाके से लेकर कई गांवों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के नाम पर सडकों को खोदा गया। लेकिन बाद में माग्मत के कार्य में घोर लापरवाही बरती गई। कहीं मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी गई तो कहीं गड्ढे जस के तस छोड़ दिए गाए, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनक्षयों का सामना करना पड़ रहा है। जल संरक्षण के लिए निर्मित की गई पानी की टंकियों में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। इन टकियों में दरों पड़ गई हैं और इनमें जल भराव की स्थिति अत्यंत दयनीय है।

# समाजवादी पार्टी की महरौनी विधानसभा बूथ सेक्टर समीक्षा बैठक संपन्न

नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो

ललितपुर,महरौनी। समाजवादी पार्टी की महरौनी विधानसभा बूथ सेक्टर समीक्षा बैठक नगर के एक मरीज गार्डन में सम्पन्न हुई,बैठक में मुख्य अतिथि समरथ पाल प्रदेश सचिव, अध्यक्षता नेपाल सिंह यादव, एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहन घायल,बाबूलाल पाल, प्रदीप साहू रहे। बेठक में



वक्ताओं ने 2027 को विजय करने पर जोर दिया, वक्ताओं ने सभी कार्यकताओं एवम पदाधिकारीयों से आगामी 2027 के चुनाव के लिए जुट जाने का आह्वान किया, बैठक में कई ग्रामीणों ने समाजपार्टी पार्टी का हाथ थामा। बैठक में महेन्द्र झा, प्रमोद अहिरवार, हरिसिंह यादव, नीलेश झा, करन पटेल, मल्लू राईन, जोधन सिंह, हरगोविंद कुशवाहा, ओमप्रकाश नामदेव, नईम बेग, आमिर पठान, साहब सिंह यादव, संतोष यादव, राजेंद्र यादव, रितेश साहू, हरि नामदेव, अनिल नामदेव,लोकेंद्र राजा, अरविंद्र वर्मा, राजेश रैकवार, नरेंद्र पाल, मुन्ना पाल , संजू वर्मा, गौरव किसरदा, शिवम चौहान, मनोहर प्रजापति, अमित सेन, निरभान सिंह, लालू सेन, भगवत नारायण कुशवाहा, जयराम गौतम, दीवान हिमांशु लोधी, मंजीत राईन, राजेश झा, नफीस खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में सरोज रजक, सुखदयाल अहिरवार सहित अनेक लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर महा सचिव महेंद्र झा ने किया तो वहीं सभी का आभार नगर अध्यक्ष प्रदीप साहू ने जताया।

# कृष्ण जन्म पर लुटाए खिलौने और मिठाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मथुरा। नौहझील में श्रीझाड़ी वाले हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन रविवार को श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा व्यास अनिरुद्धाचार्य महाराज ने नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन किया। कथा पंडाल नंद के आनंद भए, जय कन्हैयालाल की के उद्घोष से गूंज उठा। भक्तों ने भजनों पर नृत्य किया। विधायक राजेश चौधरी, प्रधान प्रशांत गुप्ता, मनीष जिंदल ने मिठाई, टॉफियां, खिलौने लुटाए।

कथाव्यास अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आए हैं। उन्होंने वामन



अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान को अगर पाना है तो मन में इस भाव को बसा लेना होगा कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुरजी हैं। मेरे पास अपना कुछ भी नहीं। और कहा कि जो गजेंद्र मोक्ष का पाठ करता है, उस पर ठाकुरजी की कृपा सदा बनी रहती है। कहा कि माता-पिता के चरण पकड़ लो, किसी और की चरण वंदना की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। आज गिरिराज पूजन और छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। महंत रामरतन दास महाराज, चमन बिहारी महाराज आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने ग्राम पंचायतों के ऑडिट आपत्तियों की समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में जनपद की ग्राम पंचायतों के वर्ष 2017-18 के वार्षिक प्रतिवेदन से संबंधित लंबित ऑडिट आपत्तियों व प्रस्तरों की समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित प्रस्तरों का निस्तारण शीघ्र कराया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति, छात्रवृत्ति जेआरवाई, ग्राम निधि, पुरानी ग्राम निधि, निर्मल भारत अभियान और ब्याज से संबंधित कुल 152 ऑडिट प्रस्तर अभी भी लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनका निस्तारण जून माह के अंत तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान आठ सचिवों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को अग्रिम आदेशों तक उनके वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जिन सचिवों को प्रोन्नत किया गया है, उनके वेतन से ऑडिट अधिवार की धनराशि की वसूली की जाए। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से बैठक आयोजित कर ऑडिट प्रस्तरों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करें और की गई कार्रवाई से अवगत कराएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, मुख्य वरिष्ठ कोषाधिकारी आनंद सिंह, जिला लेखा परीक्षा अधिकारी विवेक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## टूटने से बचे 07 परिवार, महिला परिवार परामर्श केन्द्र की पहल रंग लाई

# परामर्श से बिखरते रिश्तों में लौटी मिठास, दंपत्तियों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

जालौन। आज के बदलते सामाजिक परिवेश में जहां वैचारिक मतभेद व आपसी असहमतियाँ परिवारों को टूटने की कगार पर पहुँचा रही हैं, वहीं महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा किए जा रहे सतत प्रयास इन संबंधों में एक बार फिर विश्वास, समझ और समर्पण की भावना भर रहे हैं। इसी क्रम में हाल ही में केन्द्र की परामर्श टीम के सक्रिय सहयोग से कुल 07 परिवारों को बिखरने से बचाया गया, जिनमें पति-पत्नी के बीच गहरे मतभेद और तनावपूर्ण परिस्थितियाँ बनी हुई थीं। महिला पुलिस अधिकारियों एवं नामित परामर्शदाताओं ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक पक्ष की बात को धैर्यपूर्वक सुना और संवेदनशीलता के साथ काउंसलिंग की। दंपत्तियों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया गया, ताकि संपूर्ण पारिवारिक दृष्टिकोण से समाधान निकाला जा सके। परामर्श के दौरान जहां एक



ओर भावनात्मक पहलुओं को समझा गया, वहीं दूसरी ओर पारिवारिक दायित्वों की भी चर्चा की गई। आपसी संवाद को बढ़ावा देने, एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करने और धैर्यपूर्वक व्यवहार करने की सलाह दी गई। परिणामस्वरूप, सभी 07 मामलों में दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह हो गई। दंपत्तियों ने वचन दिया कि वे भविष्य में एक-दूसरे के साथ प्रेम और समझदारी के साथ रहेंगे तथा किसी भी स्थिति में परिवार को टूटने नहीं देंगे। परामर्श केन्द्र द्वारा उन्हें पारिवारिक जीवन की महत्ता समझाई गई और यह प्रेरित किया गया कि मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाना ही सबसे बेहतर रास्ता है। सुलह के बाद सभी जोड़ों को परिवार के प्रति अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करने और बच्चों की परवरिश को प्राथमिकता देने की सलाह दी गई।न की ओर से मंदिर सेवायतों को समझाने की एक और कोशिश की गई लेकिन बात नहीं बनी। सेवायतों ने कहा कि किसी भी कीमत पर ट्रस्ट स्वीकार नहीं है। अगर यही स्थिति रही तो हम ठाकुरजी को लेकर इस मंदिर से चले जाएंगे। सरकार को मंदिर, दुकान और मकान सब सौंप देंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार और मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह मंदिर पहुंचे और सेवायतों के साथ बैठक की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रस्तावित ट्रस्ट बनने के बाद भी सेवायतों की परंपरागत सेवा-पद्धति और अधिकारों से

# ईद उल अजहा से पूर्व थाना प्रांगण में हुई बैठक, वक्ताओं ने रखे विचार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। थाना प्रांगण में आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर एवं क्षेत्र से आए दर्जनों लोगों ने अपने-अपने विचार रखें थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी क्षेत्रवासियों से भाईचारा कायम करने एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की इस दौरान सैकड़ो लोग मौजूद रहे। सोमवार को थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने की एवं संचालन व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल ने किया। समाजसेवी एडवोकेट नावेद जंग ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारा कायम करें, ईद उल



अजहा के त्योहार पर खुले में कुबार्नी ना करें,प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी ना दे, ईद उल अजहा की नमाज सड़कों पर अदा न करें, चार दिवारी ईदगाह के अंदर ईद की नमाज अदा करें। प्रशासन की दी गई गाइडलाइन का पूर्ण रूप से पालन करें,किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान ना दें और कोई असमाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलता है या गड़बड़ी करता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहार ईद उल अजहा को लेकर पुलिस प्रशासन ने पूर्ण रूप से तैयारी कर रखी है। साइबर पुलिस सोशल मीडिया पर नजर रख रही है, ईद उल अजहा की नमाज सड़कों पर अदा नहीं की जाएगी, खुले में कुबार्नी ना करें अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें सभी धर्म का सम्मान करते हुए भाईचारा कायम करें। इस दौरान नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मचारी शशिल मालिक एवं अमरीश कुमार ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी के पशुओं के अवशेष नगर पालिका के द्वारा बनाए गए गड्ढों में दबाए, अपने आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें नगर पालिका प्रशासन की ओर से साफ सफाई के विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान बैठक में उमर नवाज प्रधान, अनिल बोहरा, बाबू फैसल, श्रीकांत जैन, सभासद मुस्तफा जंग, बिलाल मिर्जा, गय्यूर प्रधान, मुकेश कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# एमएलसी ने किया वंदना योजना के अंतर्गत मंदिर हॉल का शिलान्यास

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। नगर पंचायत एलम में वंदना योजना के अंतर्गत लाखों के बजट से सिद्ध पीठ प्राचीन मंदिर में भव्य हॉल निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान भाजपा एमएलसी सहित दर्जनों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

नगर पंचायत एलम मे प्राचीन शिव मन्दिर एलम मे हाल का निमार्ण व सौन्दर्यकरण हेतु शासन से वंदना योजना के अन्तर्गत 81.00 लाख रुपए स्वीकृत किये गये है। ज्येष्ट मास के सोमवार को प्राचीन शिव मन्दिर मे वंदना योजना के तहत हॉल निर्माण के लिए शिलान्यास कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। निर्माण कार्यो का शिलान्यास मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा के द्वारा किया गया। सभा की अध्यक्षता तेजेन्द्र निर्वाल जिला अध्यक्ष भाजपा, पूर्व विधायक शामली, विजय कौशिक प्रदेश महासचिव रालोद के द्वारा की गई। इस अवसर पर एलम की अध्यक्षा रीना पवॉर , व अश्वनी पवॉर , पुनित द्विवेदी जिला महामंत्री भाजपा, सुधीर पवॉर भाजपा मण्डल अध्यक्ष एलम, नीरज उपाध्याय, नवीन मलिक, राजबीर सिंह भूतपूर्व सीओ, कृष्ण गोपाल , डायरेक्टर सहकारी चीनी मिल रमाला, बगाली , राजेन्द्र सिंह, राजकुमार, शीशपाल, श्री आशीष श्री विनोद, श्री उदयवीर सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# कांधला देहात के मुख्य मार्गों पर फैली गंदगी, सफाई की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

कांधला। ईद-उल अजहा के मौके पर कांधला देहात के मुख्य मार्गों पर फैली गंदगी और जलभराव को समाप्त कराने की मांग को लेकर प्रमुख समाजसेवी हाजी जावेद हसन ने ब्लॉक प्रमुख कांधला को शिकायती पत्र सौंपा।

सोमवार को प्रमुख समाजसेवी हाजी जावेद हसन ने कांधला ब्लॉक प्रमुख डॉक्टर विनोद मालिक को शिकायती पत्र सौंपा है।बताया है कि कांधला देहात के मुख्य मार्ग बिजली घर रोड, सलेमपुर,शिवालय,श्मशानघाट,नेशनल इण्टर कॉलेज सहित लगभग आठ मार्गों पर मकानों की निकासी का गंदा पानी भरा हुआ है,जिस कारण वहां गन्दगी फैली हुई है। उन्होंने कहा कि ईद-उल अजहा का पवित्र त्यौहार है,इन्ही मार्गों से होकर बड़ी संख्या में लोगों को नमाज अदा करने के लिए जाना पड़ता है।मार्गों पर फैली गंदगी के कारण वहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# राशन डीलर पर दबंगई का आरोप,कार्रवाई की मांग

कांधला।थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी ग्रामीण ने राशन डीलर व उसके परिवार के कई लोगों पर कम राशन देने व विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट कर भगा देने का आरोप लगाया है पुलिस ने पीड़ित को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी ग्रामीण सददा ने बताया कि वह गांव के राशन डीलर नासिर की दुकान से अपना राशन लेने के लिए गया था। आरोप है कि राशन डीलर ने दबंगई दिखाते हुए कम राशन देने लगा। पीड़ित ग्रामीण का आरोप है कि जब पीड़ित ने कम राशन देने का विरोध किया तो आरोपी राशन डीलर ने दबंगई दिखाते हुए अपने पुत्र अमरीश के साथ मिलकर गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए राशन देने से मना कर मौके से भगा दिया। पीड़ित का आरोप है कि राशन डीलर गांव के अन्य ग्रामीणों को भी काम राशन देता है और विरोध करने पर उनके नाम राशन लिस्ट से काटने की धमकी देता है। संयुक्त राशन डीलर ठेके पर दुकान संचालित कर रहा है। पीड़ित ग्रामीण तहरीर देकर  कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# खोडसमा में ट्यूबवेल के अंदर स्मैक पीते पकड़े गए नशेड़ी, ग्रामीणों ने दी तहरीर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

चौसाना ।चौसाना क्षेत्र में नशे का कारोबार तेजी से पैर पसारता जा रहा है। हालात यह हैं कि अब गांव-देहात की सार्वजनिक संपत्तियां भी नशेड़ियों की सुरक्षित पनाहगाह बनती जा रही हैं। ताजा मामला खोडसमा गांव का है, जहां एक सरकारी ट्यूबवेल के अंदर चार-पांच युवक गेट बंद कर स्मैक पीते हुए ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिए। ग्रामीणों ने पूरी घटना की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी और डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को मौके पर बुला लिया।



ग्रामीणों श्रवण कुमार, आदेश, विपिन और अमित कुमार ने चौकी पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन ट्यूबवेलों से होने वाली चोरियों के पीछे इन्हीं नशेड़ियों का हाथ है। उन्होंने बताया कि जब ट्यूबवेल के पास संदिग्ध गतिविधियों की भनक लगी तो कुछ ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर गेट खोला तो अंदर चार युवक स्मैक पीते पाए गए। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे पास के ही गांव से स्मैक लाकर पी रहे थे, जिसकी कीमत पांच सौ रुपये बताई गई। चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि इससे पहले भी क्षेत्र में स्मैक बेचने वालों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वायरल वीडियो में जिन युवकों की पहचान की जा रही है, उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि चौसाना, जिजौला, बल्ला माजरा, खोडसमा और भड़ी गांवों में नशे का अवैध कारोबार जोरों पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की सुस्ती के चलते नशे का जाल लगातार फैलता जा रहा है और युवा वर्ग बड़ी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रहा है। वायरल हो रही वीडियो ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में पुलिस के खिलाफ चचाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांवों को इस गंभीर संकट से बचाया जा सके।

# नींद से जागा विभाग, नलों को कराया रीबोर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**



चौसानाः गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रही चौसाना ग्राम पंचायत में नेशनल प्रेस टाइम्स की खबर छपते ही विभाग हरकत में आ गया। शुक्रवार को 'ग्राम पंचायत की अनदेखी, गर्मी में न नल ठीक और न ही वाटर कूलर' शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। इसके बाद पंचायत विभाग ने नलों की मरम्मत और रीबोर कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है।

ग्राम पंचायत चौसाना में शुक्रवार से ही नलों की मरम्मत और रीबोर कार्य हो रहा है। पंचायत सचिव राहुल कुमार ने बताया कि अभी तक 15 हैंडपंप का रीबोर हो चुका है और कई स्थानों पर काम जारी है। जिन स्थानों पर कार्य चल रहा है।

उनमें निसार के घर के पास, प्राथमिक विद्यालय चौसाना, प्राथमिक विद्यालय पठानपुरा, चौसाना पुलिस चौकी, मजरा भड़ी मंदिर, बाबू सैनी, कुली के यहां, पठानपुरा में ओमपाल के यहां और संदीप के घर के पास आदि शामिल हैं। ग्रामीणों ने नेशनल प्रेस टाइम्स का आभार जताते हुए कहा कि यह अखबार ही है, जो हर बार उनकी समस्याओं को मुखरता से उठाता है।

ग्रामीण गुलजार, साकिब, अनवार, इमरान, इसरार, सद्दाम, जाबिर और शहजाद ने कहा कि जब भी किसी समस्या को लेकर उन्होंने आवाज उठाई, नेशनल प्रेस टाइम्स ने उसे प्रमुखता से छापा और प्रशासन तक पहुंचाया, जिससे समाधान की राह खुली। सचिव राहुल कुमार ने बताया कि रीबोर कार्य जल्द पूरा होगा और पंचायत में जल्द ही वाटर कूलर भी लगाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

# मन्दिर की भूमि पर कब्जा करने की फिराक मे गांव के दबंग,एसडीएम से कार्यवाही की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो?**

चौसाना,। लव्वादाउदपुर में बचत की भूमि पर बने मन्दिर पर दबंगो द्वारा कब्जा करने का विरोध करते हुये ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी ऊन को शिकायत की। आरोप है कि दबंगो ने कुर्डी करकट आदि डालकर कब्जा करने की फिराक मे है। उपजिलाधिकारी ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव लव्वादाउदपुर में खसरा न0 266 पर 50 वर्ष पुराने एक प्राथमिक स्कूल बना है जो जर्जर हालात में है। वही आरोप है कि इसी खसरा संख्या की भूमि पर एक बारात घर भी स्थित है। ग्रामीणों का आरोप है कि भूमि पर एक निमार्णाधीन मन्दिर है,जिस पर गांव के कुछ दबंग कब्जा करना चाहते है। जिसके लिये आरोपी मन्दिर वाले स्थान पर कूडा डाल रहे है ताकि कब्जे का दशार्या जा सके। जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया और उपजिलाधिकारी ऊन को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की गई। वही उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी ने ग्रामीणों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# ग्रामीणों को कराया गया योगाभ्यास

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

कांधला। कस्बे के देहात सलेमपुर रोड पर आयुष आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल के निर्देश में डॉ सुधीर कुमार ने चिकित्स एवं योग शिविर आयोजन किया योग प्रशिक्षिका दिप्ती तोमर एवं योग सहायक अभिषेक आर्य द्वारा योग



अभ्यास कराया गया चिकित्सा शिविर में ग्रीष्म ऋतु से संबंधित बीमारिया अतिसार लू लगना कोरोना ओर पानी की कमी आदि की जानकारी देकर जागरूक किया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

कांधला। थाना क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित किवाना मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार एक व्यक्ति घायल हो गया राहगीरों ने उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी इशहाक सोमवार सवेरे बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से थाना क्षेत्र के गांव किवाना की और जा रहा था। बाइक सवार व्यक्ति जैसे ही क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित किवाना मोड़ के समीप पहुंचा तो बाइक सवार को अज्ञात वाहन की अपनी चपेट में ले लिया बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया और कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने हादसे की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी एंबुलेंस के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी होने के बाद घायल के परिजन भी सरकारी अस्पताल में पहुंच गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल व्यक्ति को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

# पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

कांधला।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद करते हुए जेल भेज दिया है। सोमवार को थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह व उनकी पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र की नाला नहर पटरी पर मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी तस्कर पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस टीम ने भाग-दौड़ करते हुए आरोपी तस्कर को पकड़ लिया।पकड़े गए तस्कर के कब्जे से तलाशी लेने पर 200 ग्राम चरस बरामद हुई पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम बिलाल उर्फ मुन्ना निवासी मोहल्ला शेखजादगान बताया। पुलिस ने आरोपी तस्कर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज कर जेल भेज दिया।

# किसानों की ट्यूबवेलों पर चोरी के संबंध में अभियोग दर्ज

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

कांधला।थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में आधा दर्जन से अधिक किसानो की ट्यूबवेलों पर चोरों द्वारा तार अन्य सामान की चोरी कर ली गई थी। घटना के संबंध में पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में लगभग 15 दिन पूर्व आधा दर्जन से अधिक किसानों के ट्यूबवेलों को चोरों ने निशाना बनाते हुए बिजली के तार, स्टार्स व अन्य उपकरण चोरी कर लिए थे। पीड़ित किसान प्रमेन्द्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात चोरो द्वारा गांव कि ट्यूबवेल के तार काटकर चोरी कर लिए हैं। अज्ञात चोरों ने पीड़ित किसान सहित गांव के रणवीर सिंह, अशोक, प्रमेन्द्र सिंह, कृष्णसिंह, विनोद,प्रकाश, सतपाल, संजीव, जितेन्द्र,सुभाष, विरेन्द्र सिंह आदि किसानों के ट्यूबवेल से भी तार चोरी कर लिये। तार चोरी हो जाने के बाद किसानों के सामने सिंचाई करने की समस्या खड़ी हो गई है। घटना के संबंध में पीड़ित किसानों ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए पुलिस से मामले की शिकायत की थी। जिसके चलते पुलिस ने घटना के संबंध  चोरों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करते हुए कार्रवाई को शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि अभियोग पंजीकृत कर लिया गया जल्दी राजफास कर दिया जाएगा।

# चोरी की सोलर प्लेट व बैटरियों के साथ दो दुकानदार दबोचे, पुलिस दबिश से बाजार में मचा हड़कंप

## गंगोह के चाऊपुरा स्कूल से चोरी हुआ था सौर ऊर्जा उपकरण, कुंडा पुलिस ने चौसाना में मारा छापा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

चौसाना। गंगोह क्षेत्र के चाऊपुरा स्थित सरकारी स्कूल की छत से चोरी हुए सौर ऊर्जा उपकरणों का खुलासा करते हुए सहारनपुर जनपद की कुंडाकलां चौकी पुलिस ने चौसाना में दबिश देकर दो दुकानों से चोरी का माल बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखकर बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आरोपित दुकानदारों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, बीती 28 मई की रात अज्ञात चोरों ने चाऊपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय की छत पर लगे चार सोलर पैनल, दो बैटरी और एक इनवर्टर चोरी कर लिए थे। मामले में कुंडा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सुरागों के आधार पर पुलिस को पता चला कि चोरी का सामान चौसाना में कुछ दुकानदारों द्वारा खरीदा गया है।

सोमवार को कुंडाकलां पुलिस चौकी प्रभारी महिपाल टीम के साथ चौसाना पहुंचें और गंगोह बस स्टैंड स्थित दो दुकानों पर दबिश दी। पुलिस ने दोनों दुकानदारों के कब्जे से चोरी की गई सोलर प्लेटें और बैटरियां बरामद कीं। पूछताछ में दुकानदारों ने बताया कि वे उक्त उपकरण एक युवक से खरीद चुके हैं और उसके आधार कार्ड की प्रति भी उनके पास मौजूद है।

दुकानदारों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही सौदा किया था। हालांकि पुलिस इस मामले को लेकर गहन जांच कर रही है कि आखिर चोरी का सामान दुकानदारों तक कैसे पहुंचा और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को क्यों नहीं दी।

बताया जा रहा है कि पकड़े गए दुकानदारों में से एक पूर्व प्रधान का बेटा है। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ कर रही है। कुंडा चौकी प्रभारी महिपाल ने बताया कि ₹हमें सूचना मिली थी कि चोरी का सामान चौसाना में बिक रहा है। दबिश देकर दो दुकानदारों के पास से माल बरामद किया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।₹

पूरे दिन यह कार्रवाई कस्बे में चर्चा का विषय बनी रही। कई व्यापारी अपनी दुकानों के शटर गिराकर स्थिति का जायजा लेते देखे गए।

# हर्षोल्लास से मनाया स्वामी गोपालगिरी महाराज का 20 वां बरसी उत्सव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल : शहर के आनन्दनगर कालोनी में स्थित संयास आश्रम (शिवालय) में स्वामी गोपालगिरी महाराज जी की 20 वीं बरसी उत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया समारोह मे बोलते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पुरानी सांस्कृतिक परंपरा,गुरुओं की परंपरा रही है हमें उनका पालन करना चाहिए इस मौके पर समाजसेवी लालचंद रोघा,पूज्य सिंधी पंचायत खैरथल अध्यक्ष मुखी मनोहरलाल रोघा, पूज्य सिंधी



पंचायत अलवर जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, विहिप सह प्रांत प्रमुख योगेश गोयल, भाजपा नेता डॉ दिनेश यादव,पार्षद जाजन मुलानी, पूर्व चैयरमेन अशोक डाटा, पुष्करणा समाज अध्यक्ष ध्रुव उपाध्याय, उप सभापति वरुण डाटा,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, किसान नेता टिल्लू शर्मा शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का आयोजन गोविंद गिरी महाराज के आर्शिवाद से हुआ गोविंद गिरी महाराज ने सभी का आभार प्रगट किया

चंवरा के मोरिंडा धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

# राम ने जो किया वह हम कर सकते हैं कृष्ण ने जो कहा उस मार्ग पर हम चल सकते हैं यही जीवन का सत्य है... पंडित दिनकर शास्त्री

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। कस्बे के गुढ़ा रोड़ स्थित पलटूदास अखाड़ा पंचमुखी हनुमान मंदिर मोरिंडा धाम में महंत रघुनाथ दास महाराज के सानिध्य में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला, पूतना वध, शकटासुर वध, तृणावर्त उद्धार, माखन चोरी एवं नामांकरण संस्कार आदि प्रसंगों का वर्णन किया गया। कथावाचक पंडित दिनकर शास्त्री ने कहा कि भगवान राम और कृष्ण में कोई अंतर नहीं है। राम की कथा अनुकरणीय है। अथार्त जो राम ने किया है उसे हम सब अपने जीवन में उतार सकते हैं और भगवान कृष्ण ने जो गीता का उपदेश अर्जुन को दिया है उस गीता के ज्ञान के द्वारा हम अपना जीवन सफल कर सकते हैं। यही



जीवन का सार है। गोरतलब है कि मोरिंडा धाम में इन दोनों दूरदराज के संत महात्माओं का आवागमन लगा हुआ है। कई संत महंत इस भव्य आयोजन में शिरकत कर चुके हैं। कार्यक्रम को लेकर लोगों में भी अच्छा खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आसपास के कई गांवों के लोग कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। मंदिर कमेटी अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत ने बताया कि 4 जून को रात्रि में भजन पार्टी द्वारा सत्संग किया जाएगा। वहीं 5 जून को हवन और भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान आश्रम के महंत रघुनाथ दास महाराज, फेरन दास महाराज, हरीदास महाराज महंत चामुंडा माता मंदिर किशोरपुरा, रामाज्ञादास महाराज महंत देवी माई मंदिर ककराना, योगी मोहननाथ महाराज योग साधना आश्रम मंडावा, मंदिर कमेटी अध्यक्ष गजराज सिंह शेखावत सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आदर्श विद्या मंदिर के सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया, आदर्श गोयल अध्यक्ष बने



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल !आदर्श शिक्षा समिति द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं प्राथमिक आदर्श विद्या मंदिर खैरथल के सफल संचालन के लिए स्थानीय समिति का गठन किया गया है !

उत्तर प्रदेश समिति के विधान डा. राजीव सक्सैना ने जबकी समिति के अध्यक्ष आदर्श गोयल को नियुक्त किया, तो उन्हें संरक्षक राजकुमार मंगलानी होंगे ! सक्सेना के अनुसार, योगेश कुमार गुप्ता, मामाराज मराठा, अर्जुन दास बाबानी, भानु प्रकाश अग्रवाल को उपाध्यक्ष, नरेश लोढ़ा को विधान,चेतन अग्रवाल को मान्यता प्राप्त पुरूषोत्तम गुप्ता, अशोक शर्मा और दिनेश चंद गुप्ता को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है !

## हरसौली में संतदास जी महाराज मंदिर के उद्घाटन से पहले निकली 1500 कलशों के साथ विशाल यात्रा, महिलाओं ने गाये गीत, आठ जून को होगा उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

खैरथल । खैरथल-तिजारा :हरसौली के संत दास मंदिर के नवनिर्मित भव्य मंदिर के उद्घाटन से पूर्व सोमवार को विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पुजारी मंदिर से शुरू होकर संतदास महाराज के मंदिर पहुँची कलश यात्रा में 1500 महिलाऐं कलश लेकर चल रही थी इसके अलावा लगभग 2000 महिलाएं, बालिकाऐं मौजूदगी सेकहा जा सकता है यह विशाल कलश यात्रा थी गांव में भ्रमण के दौरान महिलाओं ने गीत गाये। कलश यात्रा के शुरू में मंदिर पर कलश पूजन किये गये



वही शनिवार सात जून को दोपहर सवा तीन बजे मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया जाएगा !रविवार आठ जून को सवा ग्यारह बजे मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा व सवा बारह बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा ! कलश यात्रा को रवाना करने के मौके पर उधोगपति रामचरण मोदी,राकेश मोदी ,जगदीश नम्बरदार,अनील रोहिल्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम रोजगार सहायक अनुकम्पा नियुक्ति और नियमितीकरण की मांग



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

बैतूल। जिले के ग्राम रोजगार सहायकों ने सोमवार को एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अनैतिक कार्यवाहियों का विरोध किया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। यह विरोध प्रदर्शन मध्यप्रदेश ग्राम रोजगार सहायक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश बारस्कर के निर्देश और जिलाध्यक्ष दयाराम नारे के नेतृत्व में किया गया। ग्राम रोजगार सहायक संघ ने यह चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस के भीतर उनकी सभी लंबित मांगों का समाधान नहीं किया गया तो वे मध्यप्रदेश के समस्त ग्राम रोजगार सहायकों के संयुक्त मोर्चा के तहत कलम बंद, कंप्यूटर बंद अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे, जिनमें जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव, धर्मेन्द्र साहू, लालसिंह आर्य, सुरेन्द्र बिहारे, सतपाल साहू, जागेश गावंडे, अशोक बारस्कर, ज्ञानदेव महस्की, भंवर सिंह, आकाश बारस्कर, अशोक बारस्कर, सरवन कवड़े, आशीष आर्य, देवेंद्र चौहान, लक्ष्मण यादव और आशीष गाड़गे सहित समूचे जिले के प्रतिनिधि शामिल थे।

## मोहखेड़ प्रखंड के महलपुर खंड में हुआ मातृशक्ति का गठन और वृक्षारोपण

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

छिंदवाड़ा। विश्व हिन्दू परिषद जिला छिंदवाड़ा मातृशक्ति आयाम में मोहखेड़ प्रखंड के ग्राम महलपुर में अरविंद प्रताप ,जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन मे ग्राम इकाई का गठन एवं पौधारोपण किया गया। जिला संयोजिका नेहा दिनेश वर्मा के प्रयासों से वट सावित्री के इस पावन पर्व के उपलक्ष्य में लगातार सम्पूर्ण जिले में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में आज मोहखेड़ प्रखंड के ग्राम महलपुर स्थित ग्राम पंचायत भवन एवं स्कूल प्रांगण में ग्राम की मातृशक्ति के साथ मिलकर फलदार पौधे आम और जामुन के पौधों का रोपण किया गया इस पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से विहीप के सह विभाग मंत्री नकुल विश्वकर्मा



,सह जिला मंत्री विनोद कोहले, सह मंत्री सोनम अहिरवार दीदी, मातृशक्ति जिला सह संयोजिका सुमन डहेरिया दीदी,विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मोहखेड़ उपाध्यक्ष नीलम पवार आदि उपस्थित रहे। बताते चले के यह पौधारोपण कार्यक्रम सम्पूर्ण जिले में आयोजित होगा जिससे संपूर्ण जिला हरा भरा और स्वच्छ रह सके। साथ ही ग्राम इकाई में नवीन दायित्व की घोषणा भी की गई घोषणा में अंजीरा पवार मातृशक्ति ग्राम संयोजिका नियुक्त की गई सह संयोजिका बबली विश्वकर्मा एवं ग्राम सत्संग प्रमुख मालती विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आहूत

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

अलवर। अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में 21 जून को जिले में मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी स्टेडियम में 'वन हैल्थ, वन अर्थ' थीम पर प्रातः 7 से प्रातः 8 बजे तक आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के अतिरिक्त मूसी महारानी छतरी, कंपनी बाग व बायोडाइवर्सिटी पार्क में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समुचित तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्व में ही सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के लिए विभागीय योग प्रशिक्षकों एवं स्वयं सेवी



संस्थाओं के योग प्रशिक्षकों का चयन करें एवं उनकी सूची उपलब्ध कराए। सीएमएचओ को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का प्रचार प्रसार फ्लैक्स व बैनर के जरिए कराकर आईईसी गतिविधियां आयोजित करावे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की कार्यक्रम में भागेदारी हो सके। अधीक्षण अभियन्ता को निर्देशित किया कि समयबद्ध रूप से स्टेज निर्माण, माईक व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन, लाईट व्यवस्था, जरनेटर आदि व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर पानी व साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालय, डस्टबीन, एवं अग्नि शमन वाहन व्यवस्था कराई जाय। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह, नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, एसई पीडब्लूडी भुरी सिंह, आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक करण सिंह दहिया, सीएमएचओ डॉ, योगेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक सुरेश वर्मा, जिला खेल अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता मे डुंगरिया मे जन्में विनोद वर्मा लोधी का भी बड़ा योगदान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

छिंदवाड़ा । ऑपरेशन सिंदूर में हमारे छिंदवाड़ा जिला की चौरई तहसील के अंतर्गत चौरई से करीब 7 किमी. दूरी पर सिवनी रोड़ पर बसा गांव डुंगरिया के जांबाज सैनिक विनोद वर्मा कठुआ सांबा बॉर्डर से 10 मई को दुश्मन देश पाकिस्तान की 10 किलोमीटर की दूरी से लॉरस सिस्टम को ऑपरेट कर दुश्मन की हर गतिविधि और सिस्टम की जानकारी हिंदुस्तान फौजी को दे रहे थे अपने कर्तव्य पथ



पर रहकर अपनी जाँन की बाजी लगाने से पीछे न हटने वाले दुश्मनो के छक्के छुड़ाने वाले ऑपरेशन सिंदूर में देश के लिए कार्य करने वाले आर्मी के हवलदार पद पर पदस्थ विनोद वर्मा छिंदवाड़ा जिले में लोधी समाज का बेटा अपने परिवार के पास सकुशल लौटकर छुट्टी मनाने पारिवारिक कार्य से अपने गांव डूंगरिया आया तब लोधी समाज के लोग रिश्तेदार व गाँव वालों की खुशी का ठिकाना नही रहा सभी ने हर्ष व्यक्त किया और बजरंगबली मंदिर में गांव वालों ने आत्मीयता से उनका स्वागत किया और एक भंडारे का आयोजन किया गया '

## पत्रकार प्रकाश दुबे को मातृत्व शोक, पंचतत्व में विलीन सत्यवंती दुबे

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बालाघाट(म0प्र0) बालाघाट। जिले के पत्रकार बालाघाट निवासी पत्रकार प्रकाश दुबे की माताजी सत्यवंती दुबे का निधन सोमवार की अलसुबह हो गया। वे पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार थी, गत दो दिवस से गोंदिया के नीजी अस्पताल में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार शाम को किया गया। जानकारी अनुसार, सत्यवंती दूबे पति धनेश्वर प्रताप दुबे उम्र 72 वर्ष दिनदयाल पूरम कालोनी बालाघाट निवासी हैं, जिन्होने दुबे परिवार को एकसूत्र में बांधे हुए रखी थीं, उन्होने अपने पिछे तीन पुत्रों एवं बेटी-



बहनोई जिसमें पुत्र दिलीप दुबे, नंदकिशोर दुबे, पत्रकार प्रकाश दुबे व बहनोंई सुधीर तिवारी का भरापूरा परिवार को छोड़ गई, उनके निधन से दुबे परिवर में शोक की लहर हैं। उनके देह शरीर का अंतिम संस्कार 2 जून की शाम 5 बजे रिती रिवाज के अनुसार बालाघाट के जागपुर घाट में पंचतत्व में विलीन हो गई। इस मौके पर उपस्थित जनों के द्वारा श्रृद्धाजंली अर्पित की गई।

## चितरंगी क्षेत्र में बोल्डर पत्थर का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर जप्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

सिंगरौली। स्थानीय थाना क्षेत्र के बगदरा कला में बोल्डर पत्थर का अवैध परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टरों को तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह ने दबोचते हुये कार्रवाई के लिए चितरंगी पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। तहसीलदार के इस कार्रवाई से गौण खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय जानकारी के अनुसार तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह ने रविवार की सुबह क्षेत्र के भ्रमण पर थे। इसी दौरान बगदरा कला गांव में दो बिना रजिस्ट्रेशन के ट्रैक्टर बोल्डर पत्थर का परिवहन करने जा रहे थे कि तहसीलदार ने दोनों ट्रैक्टरों को खड़ा कराकर चालक से पत्थर परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगा, लेकिन मौके पर चालक के द्वारा कोई दस्तावेज टीपी नही दिखा पाया। जिसके चलते तहसीलदार ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लेते हुये चितरंगी पुलिस को मौके पर बुलाया और अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया।

## शहर में कई जगह नालियां हुई चोक, कचरा एवं गंदा पानी सड़क पर फैला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न के कोतवाली के सामने की नालियां चोक होने से गंदा पानी एवं कचरा सड़क पर फैल रहा है। जहां उक्त मार्ग से होकर आने-जाने वाले राहगीरों को गुजरना पड़ रहा है।दरअसल नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 40 स्थित थाना कोतवाली बैढ़न के सामने की नालियां कचरे में बजबजा रही हैं। आलम यह है कि कोतवाली के सामने की ठीक नालियां इस तरह से चोक हैं कि कचरे से जहां नालियां सड़ंध मार रही हैं, वही गंदा पानी सड़क पर फैलने के कारण लोगबाग साफ- सफाई व्यवस्था को



लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। कोतवाली के ईर्द गिर्द निवासरत रहवासियों के अलावा दुकानदारों का भी कहना है कि समय-समय पर नालियों की सफाई नही किये जाने से इस तरह की समस्या निर्मित है। जबकि नालियों की साफ-सफाई नियमित करानी चाहिए। परंतु ननि के सफाई कर्मी इसके प्रति गंभीर नही हैं। जिसके कारण कोतवाली के सामने की नालियां इस तरह से कचरे से बजबजा रही हैं। ऐसे में मोहल्लों की नालियों की हालत कैसी होगी।

इधर जबकि बताते चले कि निगमायुक्त को साफ निर्देश है कि नालियों की नियमित साफ-सफाई हो। कहीं से शिकायत नही मिलनी चाहिए। इसके बावजूद ननि के सफाई कर्मी नालियों की नियमित साफ-सफाई नही करते। हालांकि इन दिनों नालियों की साफ-सफाई का कार्य तेजी से शुरू है। आगामी बरसात को देखते हुये ननि आयुक्त एवं उपायुक्त लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। वही कोतवाली के सामने की जाम नालियों की साफ-सफाई कराये जाने की मांग की जा रही है।

## मनिरामपुर दिघी का सौंदर्यीकरण की है जरूरत

# मछली पालन कर  हो सकती है लाखों की अमदानी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**, पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत पंचायत मनिरामपुर स्थित दिघी किनारे बैठ कर ताजगी भरी हवाओं से गहरी सांसें लेने और रोमांचक दृश्य दिखने की ललट अब ग्रामीणों सहित क्षेत्र के लोगों में भी अधुरे सपने जैसा कहानी बनता जा रहा है। वर्षों पुरानी ऐतिहासिक मनिरामपुर दिघी रानी की संस्कृति से जुड़े एक जिज्ञासा पूर्ण माहौल से कम नहीं है। बुजुर्गों का कहना है कि अपने दादाजी से इस ऐतिहासिक दिघी की अक्सर चचाएं सुना करते थे। पाकुड़ रानी प्रतिवर्ष एक खास दिन को यहां आया करती थी जो परांपरागत संस्कृति से जुड़े मनमोहक कार्यक्रम आयोजित हुआ करता था। मगर देख- रेख की अभाव में क्षेत्र के मान - सम्मान से जुड़े इस ऐतिहासिक दिघी तालाब का रंग रोगन के ध्यानार्थ आज तक नेता-मंत्री और प्रशासन के संज्ञान में आने के बावजूद भी इस ऐतिहासिक मनिरामपुर दिघी का सौंदर्यीकरण अधुरे सपने की तरह सिर्फ और सिर्फ हृदय की तसल्ली में ही रह गया कि निश्चित रूप से ईश्वर किसी नेक किरदार के द्वारा सरकार प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए इस ऐतिहासिक मनिरामपुर दिघी का सौंदर्यीकरण में ठोस कदम उठायेंगी ?। पंचायत मनिरामपुर सहित क्षेत्र की आन-बान-शान कहे जाने वाली इस ऐतिहासिक दिघी का कायाकल्प की उम्मीद वर्तमान उपायुक्त मनीष कुमार से भी की जा रही है कि शायद उनके संज्ञान में आते ही इस ऐतिहासिक मनिरामपुर दिघी का सौंदर्यीकरण पर ठोस कदम लेंगे और पुनः इस ऐतिहासिक दिघी का वर्षों पुरानी विरासत गाथा को वास्तविक स्वरूप संजोये रखने की अहम भूमिका अदा करेंगे। गौरतलब हो कि करीब 43 बीघा में अवस्थित यह दिघी तालाब मनिरामपुर की ही नहीं बल्कि क्षेत्र की आन-बान-शान है। साथ ही  वर्षों पुरानी परांपरा एक साथ हर्षोल्लास के साथ त्यौहार जैसे वातावरण की कौतूहल में एक साथ मछली पकड़ने के साथ गांव के निवासियों में ही समानांतर वितरण किया जाना जो एक उत्कृष्ट आयाम स्थापित किया है और आपसी भाईचारे की मिशाल पेश किया है। और यही रीत दिघी की सौंदर्यीकरण करने की आमजनों की आवाज निकायों में दस्तक दे रही है।

# प्राथमिकता के साथ की जा रही है जन मुद्दे का समाधान - तनवीर आलम



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**, पाकुड़ कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में कांग्रेस प्रदेश महासचिव सह- युवा नेता तनवीर आलम ने उपस्थित कार्यकताओं मंण जोश भरते हुए कहा कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु आप सभी का अहम भूमिका निहित है। बगैर आप जैसे कर्मठ कार्यकर्ता के पार्टी की मजबूती सम्भव नहीं है। अतः आप कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को भी साझा करे, जिससे लोगों का आपके साथ -साथ कांग्रेस के प्रति सहानुभूति पनपने के साथ पार्टी को एक नया आयाम मिले। वही क्षेत्र के लोगों के द्वारा साझा की गई जन समस्याओं को युवा नेता तनवीर आलम यथाशीघ्र निष्पादन कराने की बात कही। वही उन्होंने पेयजल की किल्लत से लोगों को राहत दिलाने के ध्यानार्थ निराकरण की अवयवों को दशार्या। साथ ही नियमित बिजली आपूर्ति के ध्यानार्थ सब स्टेशन अन्य उपायों की की जा रही सुविधा स्थापित करने एलिमेंट्स को भी सजा किया। मौके पर जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, तस्लीम आरीफ उर्फ बुलेट, शाहीन परवेज, सेमीनुल इसलाम, बेलाल शेख, नसीम आलम, मजीबूर रहमान, आबुताहेर शेख, असारुल शेख समेत पियारुल इस्लाम अन्य मौजूद थे।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सुनी लोगों की समस्याएं, समाधान का दिलाया भरोसा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

गोड्डा (झा०खं०), झारखण्ड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री सह- महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को खरौंधी स्थित अपने आवास पर महागामा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से आत्मीय मुलाकात की।इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे।मंत्री सह विधायक ने सभी की बातें गंभीरता से सुनीं और विश्वास दिलाया कि हर एक मुद्दे के समाधान के लिए संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया जाएगा।

जनसुनवाई के क्रम में कई लोगों ने व्यक्तिगत और सामुदायिक समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।इनमें सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।विधायक ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने पंचायत साक्षरता प्रेरकों से भी मुलाकात की।प्रेरकों ने अपने बकाया वेतन भुगतान, अन्य विभागों में समायोजन तथा भविष्य की सुरक्षा को लेकर अपनी समस्याएं रखीं।मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि साक्षरता प्रेरक समाज में शिक्षा और जागरूकता के संवाहक हैं।सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए गंभीर है और उनके मुद्दों को संबंधित मंचों पर पूरी मजबूती से उठाया जायेगा। मौके पर कई स्थानीय प्रतिनिधि एवं आनेको कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पत्रकार सत्येंद्र तिवारी की पत्नी का आकस्मिक निधन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद(झा०खा०), बाघमारा के मुराईडीह निवासी वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र तिवारी की पत्नी 45 वर्षीय शोभा तिवारी का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। परिजनों और शुभचिंतकों में गहरा दुःख व्याप्त है। दाह संस्कार रविवार को रात 10 बजे लिलौरी मंदिर स्थित श्मशान घाट पर किया गया। प्रेस क्लब कतरास के महासचिव विनय वर्मा , सह सचिव दीपक गुप्ता , उपाध्यक्ष सोहन विश्वकर्मा ,कोषाध्यक्ष सुमन सिंह, पत्रकार साथी सदस्यो में जितेंद्र पासवान, संतोष डे, राजू वर्मा, मृत्युंजय कुमार संतोष दास, शिवानंद पांडे, सुधीर सिंह, निकेश पांडे सहित कई पत्रकार मौजूद थे। जनप्रतिनिधि में बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा, जेएमएम अजमुल अंसारी, डॉ बीके राम, गौतम मंडल, बिनोद मुखिया, जालिम रजक मुखिया, नवीन सिंह अन्य उपस्थित थे।

# राजेंद्र सरोवर पार्क के पास ऑटो-कार टक्कर में एक की मौत, पांच लोग घायल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), शहर के सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत राजेंद्र सरोवर पार्क के समीप रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान 55 वर्षीय कृष्णा कुमार महतो के रूप में हुई है, जो लेबर कोर्ट में कार्यरत थे। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार, रांची से धनबाद ट्रेन से पहुंचे कुछ लोग स्टेशन से ऑटो द्वारा अपने किराए के आवास मंडल बस्ती जा रहे थे। इसी दौरान राजेंद्र सरोवर पार्क के समीप एक तेज रफ्तार कार ने उनकी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार अनियंत्रित होकर पार्क की रेलिंग से टकरा गई, जिससे कार और ऑटो दोनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल हुए लोगों में धीरज कुमार, रंभा देवी, निकिता, संतोष, धनंजय कुमार तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। सभी को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (रठटटउ्ल) में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। वही, गंभीर रूप से घायल ऑटो चालक का इलाज एक निजी क्लिनिक में चल रहा है। मृतक कृष्णा कुमार महतो और घायल सभी लोग बरटांड़ क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने चौकीदार बहाली का इंतजार कर रहे युवाओं से की मुलाकात



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

साहेबगंज झा०खं०), झारखण्ड सरकार ग्रामीण विकास मंत्री सह- महागामा विधायक  दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को खरौंधी स्थित अपने आवास पर मेहरमा एवं गोड्डा क्षेत्र के उन युवाओं से मुलाकात की, जो लंबे समय से चौकीदार पदों की बहाली का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान युवाओं ने बहाली प्रक्रिया में हो रही देरी, पारदर्शिता और भविष्य की चिंताओं से विधायक को अवगत कराया। सिंह ने सभी की बातें गंभीरता से सुनीं और कहा कि युवाओं के हक और अधिकारों के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को वे उचित मंच पर पुरजोर ढंग से उठायेंगी और युवाओं के संघर्ष में उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी रहेंगी।मुलाकात के दौरान युवाओं में उत्साह और उम्मीद की झलक देखने को मिली।

# पेयजल उपलब्धता को लेकर आक्रोषित ग्रामीणों ने किया  सड़क जाम, बीडीओ ने कराया शान्त



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिले के अमड़ापाड़ा क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता की मांग को लेकर उदलबनी ताला टोले के आक्रोषित ग्रामीण सड़क जामकर नाराजगी प्रकट किया। वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अमड़ापाड़ा बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने आक्रोषित ग्रामीणों को  पानी की वैकल्पिक व्यवस्था और पेयजल समस्या के स्थायी निदान के ठोस आश्वासन पर समझा-बुझाकर शान्त किया और जाम को हटाया गया। तब जाकर सड़क पर वाहनों का आवाजाही सुचारू रूप से प्रारम्भ हुआ। आपको बता दे  इसी टोले के सुनसान बहियार स्थित एक सार्वजनिक कूप की सफाई के दौरान जानलेवा जर्जर कूएं में ही आठ घंटे तक फंसा रहा था एक व्यक्ति को काफी मशक्कत के बाद सकुशल बाहर निकाला।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता हेतु दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**

ठाकुरगंगटी (गोड्डा): प्रखंड के संजीवनी आजीविका संसाधन केंद्र, धुनियाबांध में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मोरडीहा संकुल के संकुल पदाधिकारियों एवं जेंडर सीआरपी के लिए दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य निषिद्ध मादक पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध जागरूकता फैलाना था। प्रशिक्षण का संचालन सीआरपी रेखा देवी द्वारा किया गया। मौके पर सीआरपी द्वारा प्रतिभागियों को मादक पदार्थों के अर्थ, उसके प्रकार, दुरुपयोग तथा उसके व्यक्ति, परिवार एवं समाज पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मादक पदार्थों की रोकथाम और इलाज के उपायों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में 'नशा से बबार्दी' नामक वीडियो डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया जहां उपस्थितजनों को नशे के दुष्परिणामों की गहराई से बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण के दौरान तंबाकू नियंत्रण के लिए प्रभावी नीतियों की आवश्यकता एवं समाज और सरकार की संयुक्त जिम्मेदारी पर भी बल दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान संकुल के कुल चार पंचायतों से ग्राम संगठन की सदस्य, जेंडर सीआरपी, संकुल समन्वयक, कॉर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

# किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो गोड्डा**

झारखंड।मेहरमा (गोड्डा) ग्रामीण विकास मंत्री सह महागामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने सोमवार को मेहरमा प्रखंड के लकड़मारा स्थित चारूचित्रा पैक्स परिसर में किसानों के बीच धान के उन्नत किस्म के बीज का वितरण किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।मंत्री ने कहा कि यह केवल बीज वितरण नहीं, बल्कि झारखंड की महागठबंधन सरकार की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसमें किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का संकल्प निहित है।सरकार का प्रयास है कि हर किसान को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अधिक उत्पादन कर सकें और उनकी आमदनी में वृद्धि हो।इसी क्रम में मेहरमा प्रखंड के डोय पंचायत सचिवालय में भी किसानों के बीच बीज वितरण किया गया।

मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की हर आवश्यकता के प्रति पूरी तरह सजग है। किसानों को कृषि उपकरण, उर्वरक और तकनीकी सहायता भी समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और पैक्स सदस्य भी मौजूद रहे।ग्रामीणों ने सरकार की इस पहल की सराहना की।

# मोती झरना का सौंदर्यीकरण, एप्रोच रोड,  गेस्ट हाउस एवं विवाह भवन का जल्द होगा निर्माण- उपायुक्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**,

साहेबगंज (झा०खं०), उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद (डीटीपीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के पर्यटन स्थल, उनकी स्थिति, विकास की दिशा और पर्यटन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में पर्यटन स्थलों के प्रबंधन, सुविधाओं का सुधार और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई योजनाओं पर विचार किया गया। साथ ही, पर्यटन विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और परियोजनाओं की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने स्थानीय पर्यटन के विकास में समुदाय की भूमिका और स्थानीय संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया। उपायुक्त द्वारा ओझा टोली गंगा घाट और कन्हैया स्थान गंगा घाट, शुक्रवासनी को पर्यटन विभाग द्वारा अधिसूचित करने का निर्देश दिया गया है। यह निर्णय क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने और गंगा घाटों के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से लिया गया है। राजमहल गंगा भवन को जिला पर्यटन समिति को हस्तगत करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि इसका विकास एवं आने वाले पर्यटक को हर सुविधा मिल सके। जिला में स्थित तेलिया गड़ी किला को अरकको हस्तगत करने का निर्देश उपायुक्त ने बैठक में दिये। उपायुक्त के द्वारा बिंदुवासिनी के सौंदर्यीकरण का निर्देश किया गया । यह पहल धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने के उद्देश्य से की जा रही है। समिति में मोती झरना का सौंदर्यीकरण, एप्रोच रोड, जाली का निर्माण, गेस्ट हाउस एवं विवाह भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव लिया गया। जिला के सभी पर्यटन स्थलों पर त्योहारों एवं समय-समय पर अत्यधिक भीड़ हो जाने के कारण शौचालय की समस्या हो जाती है, समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सभी पर्यटन स्थलों पर चलंत शौचालय का अधिष्ठापन किया जायेगा। जिला के शहीद जवानों के यादगार में अमर जवान ज्योति स्थल का निर्माण के लिए स्थल चिन्हित करने का निर्देश उपायुक्त ने बैठक में दिया। उपायुक्त द्वारा सभी पर्यटन स्थलों पर पर्यटन प्रबंधन समिति का गठन जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये। इसका उद्देश्य पर्यटन स्थलों के बेहतर प्रबंधन, रखरखाव और पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाना है। ये समिति स्थानीय प्रशासन, नागरिक समूहों और विशेषज्ञों के सहयोग से कार्य करेंगे। उपायुक्त ने हूल दिवस और सिद्धो कान्हो के जन्मदिवस को राजकीय मेले के रूप में घोषित करने के लिए संबंधित विभाग को प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिया है। यह कदम इन महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आयोजनों की महत्ता को मान्यता देने और उन्हें बड़े स्तर पर मनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। हूल दिवस क्षेत्रीय इतिहास और संस्कृति से गहरे जुड़े हुए हैं, जबकि सिद्धो कान्हो जन्मदिन स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम और समाजिक संघर्ष की याद दिलाता है। इन आयोजनों को राजकीय मेला घोषित करने से न केवल इनकी सांस्कृतिक अहमियत बढ़ेगी, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

# आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में एमसीए के छात्रों का पुरातन छात्र समागम

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो




गाजियाबाद। आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) के छात्रों का पुरातन छात्र समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में लगभग 200 से अधिक पुरातन छात्र तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद परिसर के आईटी तथा स्नातक विभाग के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय, एमसीए कार्यक्रम की सेहसंयोजिका प्रो. स्मिता कंसल, एलुमनाई कोऑर्डिनेटर प्रो. सौरभ सक्सेना तथा वरिष्ठ पुरातन छात्रों के द्वारा माँ वीणा वादिनी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपने सन्देश में आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने हर्ष व्यक्त किया तथा सभी पुरातन छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के आरम्भ में आईटीएस मोहन नगर के एमसीए विभाग के एलुमनाई कोऑर्डिनेटर प्रो. सौरभ सक्सेना ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अपने स्वागत सम्बोधन में आईटीएस मोहन नगर के आईटी तथा स्नातक परिसर के निदेशक डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित पुरातन छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्था एव सभी शिक्षको के लिए पुरातन छात्रों की वैश्विक स्तर पर शीर्ष एवं प्रतिष्ठान मैं उपस्थिती एवं योगदान गर्व का अनुभव कराती है। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी शामिल थीं, जिसमे कपल गेम, अंताक्षरी,, म्यूजिकल चेयर, तम्बोला आदि का आयोजन किया गया जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया और माहौल को जीवंत बनाया। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने अपने बैचमेट्स और साथियों से मिलकर पुरानी यादें ताजा कीं। साथ ही, उन्होंने वर्तमान छात्रों के साथ अपने अनुभव और ज्ञान साझा किया। कई पूर्व छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियों और वर्तमान उद्योग में अपनी उपलब्धियों के बारे में अपने विचार साझा किये एवं वर्तमान छात्रों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। समारोह में उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने इस आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने इसे एक अनूठा और यादगार अनुभव बताया। कई पूर्व छात्रों ने कहा कि यह पुनर्मिलन उनके लिए न केवल एक सामाजिक अवसर था, बल्कि एक नेटवर्किंग का मंच भी साबित हुआ।कार्यक्रम के अंत में आईटीएस मोहन नगर के एमसीए विभाग की सह संयोजिका प्रो० स्मिता कंसल इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित लोगों, आयोजकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर एमसीए कार्यक्रम के सभी छात्र तथा संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

# विदाई समारोह में झलकी भावनाएं, विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो



मेरठ। एमआईईटी के बायोसाइंसेज एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग की ओर से बीएससी और एमएससी बायोटेक्नोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें कैंपस डायरेक्टर डॉ. संजय सिंह, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजीत वर्मा, आईक्यूएसी प्रमुख डॉ. संजीव सिंह, रजिस्ट्रार एस.पी. सिंह, प्राचार्य डॉ. सचिन कौशिक और विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें नई उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों की प्रतिभा और व्यक्तित्व के आधार पर विभिन्न खिताब प्रदान किए गए। बीएससी माइक्रोबायोलॉजी के अतुल को मिस्टर फेयरवेल और विशाखा को मिस फेयरवेल का खिताब मिला। बीएससी बायोटेक्नोलॉजी से कृतिका, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी से अंजलि वर्मा और एमएससी माइक्रोबायोलॉजी से तुलसी को भी विनीर घोषित किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा विभाग की समन्वयक डॉ. अंजलि राठी के निर्देशन में तय की गई थी। इस अवसर पर डॉ. अशिमा, डॉ. नितिन, डॉ. दिव्या, डॉ. सोनिया, डॉ. डीवी सूर्य, डॉ. शिप्रा, डॉ. सुभीर, डॉ. गौरव, डॉ. सचिन, डॉ. रॉबिन, डॉ. नेहा, डॉ. रिन्नी, डॉ. रजनी, डॉ. अशना, डॉ. नितिका, डॉ. रेखा, डॉ. चांदनी और साक्षी सहित समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में छात्रों ने भावनात्मक और उल्लासपूर्ण माहौल में एक-दूसरे से विदाई ली।

# 'प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी न की जाए, खुले में न छोड़ें अवशेष'

## बकरीद से पहले डीसीपी ने दी हिदायत



नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

गाजियाबाद । मसूरी में बकरीद के लिए थाना मसूरी में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने स्वच्छता, प्रतिबंधित पशु कुबार्नी पर रोक और नाहल गांव के अपराधियों से न डरने की अपील की। ग्राम प्रधानों और मौलानाओं ने भी बैठक में हिस्सा लिया।

आगामी बकरीद त्योहार को लेकर थाना मसूरी में एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने लोगों से ईद के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी कतई न की जाए, कुबार्नी खुले स्थानों या सार्वजनिक रास्तों पर न हो और कुबार्नी के बाद पशुओं के अवशेष खुले में न छोड़े जाएं, बल्कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित स्थान पर ही निपटान किया जाए।

डीसीपी ने नाहल गांव की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वहां लगभग 50 हिस्ट्रीशीटरों के अलावा 300 अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं, जिन्होंने गांव के माहौल को खराब कर रखा है। उन्होंने कहा कि ये लोग अब गांव छोड़कर भाग गए हैं, लेकिन जहां भी रहेंगे अपराध में ही लिप्त रहेंगे। उन्होंने आम लोगों से न डरने और बेझिझक अपने घरों को लौटने तथा त्योहार को परिवार के साथ हर्षोल्लास से मनाने की अपील की।

बैठक में मसूरी, नाहल, ढ़बारसी, कुशलिया, कल्लूगढ़ी, बड़का, सिकरोड़ा, निडौरी आदि गांवों के प्रधान, गणमान्य व्यक्ति और मस्जिदों के मौलाना उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ आईआईएस अधिकारी बीना यादव सीबीआई में मुख्य सूचना अधिकारी नियुक्त

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

नई दिल्ली। भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) की वरिष्ठ अधिकारी बीना यादव सोमवार को देश की प्रमुख जांच एजेंसी सीबीआई में उसकी नयी मुख्य सूचना अधिकारी एवं प्रवक्ता के रूप में शामिल हुईं। अधिकारियों ने बताया कि 1998 बैच की आईआईएस अधिकारी यादव केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में कार्यभार संभालने से पहले पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर तैनात थीं। पीआईबी में अतिरिक्त महानिदेशक के रूप में उन्होंने नागरिक उड्डयन, कौशल विकास, संस्कृति एवं पर्यटन सहित विभिन्न मंत्रालयों के मीडिया प्रचार का कार्यभार संभाला। अधिकारियों के अनुसार, यादव ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के जम्मू कश्मीर संभाग में मीडिया निदेशक के पद पर भी काम किया। इस वर्ष अप्रैल में आर सी जोशी के सेवानिवृत्त होने के बाद सीबीआई में मुख्य सूचना अधिकारी का पद रिक्त हो गया था।

# भारतीय भाषाओं के लिए एआई-आधारित भारत जेन की शुरूआत : जितेंद्र सिंह (कैबिनेट मंत्री)



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।



नई दिल्ली। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को यहां भारतीय भाषाओं के लिए स्वदेशी रूप से विकसित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) ह्यभारत जेनह्ल की शुरूआत की। सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अंतःविषयी साइबर-भौतिक प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) के तहत विकसित और आईआईटी बंबई में आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) तथा आईओई (इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग) के लिए टीआईएच फाउंडेशन के माध्यम से कार्यान्वित भारत जेन का उद्देश्य भारत के भाषायी और सांस्कृतिक क्षेत्र में एआई विकास में क्रांति लाना है। यह पहल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा समर्थित है तथा अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों, विशेषज्ञों और नवप्रवर्तकों के एक संघ को एक साथ लाती है। सिंह ने भारत जेन को ह्लऐसी एआई बनाने का राष्ट्रीय मिशनह्व बताया जो नैतिक, समावेशी, बहुभाषी हो और भारतीय मूल्यों एवं लोकाचार में गहराई से निहित हो। यह मंच 22 भारतीय भाषाओं में निर्बाध एआई समाधान प्रदान करता है।

# गाजियाबाद में कोरोना के छह नए केस

## सक्रिय मरीजों की संख्या हुई 22, घर पर चल रहा इलाज

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो




गाजियाबाद । गाजियाबाद में सोमवार को कोरोना के छह नए मामले सामने आए, जिससे सक्रिय मरीजों की संख्या 22 हो गई। अधिकतर मरीजों का घर पर इलाज चल रहा है, जबकि तीन निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

गाजियाबाद जिले में सोमवार को कोरोना के छह नए केस मिले। इनको मिलाकर सक्रिय मरीजों की संख्या 22 हो गई है। इसमें से 19 मरीजों का घर पर इलाज चल रहा है और तीन मरीजों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया कि अधिकतर मरीजों को शरीर में दर्द की समस्या के साथ बुखार की समस्या रही है। इसके अलावा कमजोरी, सर्दी-जुकाम के साथ बुखार होने पर भी लोगों ने जांच कराई, जिसमें वह संक्रमित पाए गए हैं।

संक्रमित मरीजों में से रामप्रस्था ग्रीन्स निवासी 20 वर्षीय युवती, वसुंधरा स्थित 30 वर्षीय पुरुष, इंदिरापुरम निवासी 28 वर्षीय पुरुष, राजनगर एक्सटेंशन निवासी 51 पुरुष,नंदग्राम निवासी 31 वर्षीय पुरूष और आम्रपाली ग्रीन्स निवासी 31 वर्षीय पुरुष संक्रमित हैं। इन सभी का इलाज घर पर ही चल रहा है।

# गर्भपात चाहने वाली बलात्कार पीड़िताओं से पहचान पत्र मांगने पर जोर न दें अस्पताल : दिल्ली हाईकोर्ट

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।




विभिन्न निर्देश जारी किए जिनमें पीड़िता गर्भवती हो।

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के अस्पतालों से कहा है कि वे अदालतों के आदेश पर गर्भपात कराने की मांग करने वाली बलात्कार पीड़िताओं से पहचान पत्र मांगने से बचें। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ऐसी पीड़िताओं, विशेषकर नाबालिगों के लिए ह्यह्यस्पष्ट, व्यावहारिक और संवेदनशील चिकित्सा प्रोटोकॉल की महती आवश्यकता पर भी बल दिया। अदालत ने कहा कि प्रक्रियाओं में स्पष्टता का अभाव, पहचान दस्तावेजों पर जोर तथा अल्ट्रासाउंड जैसी आवश्यक चिकित्सा जांच में देरी ने इस मामले में पीड़िता की परेशानी को और बढ़ा दिया है। उच्च न्यायालय ने 29 मई को कहा, ह्यह्यअस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को इस तथ्य के प्रति संवेदनशील बनाया जाना चाहिए कि यौन उत्पीड़न की पीड़िताओं, विशेषकर नाबालिग लड़कियों से जुड़े मामलों में अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। चिकित्सा प्रोटोकॉल केवल कानूनी आवश्यकताओं का पालन करने तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि उन्हें सहानुभूति, व्यावहारिक सोच, और यौन हिंसा के पीड़ित लोगों द्वारा झेली जाने वाली विशिष्ट कठिनाइयों की गहरी समझ से भी निर्देशित होना चाहिए। अदालत एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने चिकित्सीय गर्भपात की मांग की थी। इसने सभी हितधारकों को यौन उत्पीड़न के उन मामलों में स्पष्टता और एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए

# डायवर्जनः आज रात 12 बजे से हाईवे पर थम जाएंगे भारी वाहनों के पहिये

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

गाजियाबाद । ब्रजघाट (हापुड़) ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर ब्रजघाट पर करीब चार से पांच लाख श्रद्धालु स्नान करेंगे। सभी लोग अपने निजी और व्यावसायिक वाहनों से गंगा स्नान व पूजा अर्चना करने यहां आएंगे। इसे ध्यान में रखते हुए रूट डायवर्जन लागू किया गया है।

ज्येष्ठ दशहरा के मौके पर गंगा स्नान को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। हाईवे पर जाम से निपटने के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू की गई है। कल यानि मंगलवार रात से शनिवार की दोपहर तक ट्रक, कंटेनर, निजी बस समेत सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा। जबकि, जीप, कार, मिनी ट्रक व अन्य छोटे वाहन चलते रहेंगे।

सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि बृहस्पतिवार को ज्येष्ठ गंगा दशहरा के मौके पर ब्रजघाट पर करीब चार से पांच लाख श्रद्धालु स्नान करेंगे। सभी लोग अपने निजी और व्यावसायिक वाहनों से गंगा स्नान व पूजा अर्चना करने यहां आएंगे। इस दौरान नेशनल हाईवे पर जाम लगने की संभावना रहेगी।

जिसे ध्यान में रखते हुए रूट डायवर्जन लागू किया गया है। जिसके तहत कंटेनर, ट्रक, निजी बस वैकल्पिक मार्गों से जाएंगे। जबकि दूध, दही, फल व सब्जी के वाहन और एम्बुलेंस हाईवे पर यथावत चलते रहेंगे।

आदेश का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। यदि इसमें लापरवाही बरती गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तीन जून की देर रात से छह जून की दोपहर तक हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्जन किया जाएगा।

ये रहेगी व्यवस्था- दिल्ली से मुरादाबाद जाने वाला यातायात : दिल्ली और जनपद गाजियाबाद की ओर से आकर मुरादाबाद की तरफ जाने वाले भारी वाहन मसूरी, धौलाना, गुलावठी होते हुए पेरिफेल एक्सप्रेसवे से होकर जनपद बुलंदशहर, नरोरा, बवराला, बहजोई, डिबाई, चंदोसी के रास्ते मुरादाबाद को जाएंगे।

दिल्ली और जनपद गाजियाबाद की ओर से आकर मुरादाबाद की तरफ जाने वाले भारी वाहन छिजारसी, धौलाना, गुलावठी होते हुए जनपद बुलंदशहर, नरोरा, बबराला, बहजोई, डिबाई, चंदोसी के रास्ते होकर मुरादाबाद को जाएंगे।

हापुड़ से मुरादाबाद जाने वाला यातायात : हापुड़ से मुरादाबाद की ओर जाने वाले भारी वाहन सोना पेट्रोल पंप के सामने से, गुलावठी होते हुए जनपद बुलंदशहर, नरोरा, वबराला, बहजोई, डिबाई, चंदोसी के रास्ते होकर मुरादाबाद को जाएंगे।

मेरठ से मुरादाबाद जाने वाले भारी वाहन मेरठ वाया मवाना रोड मीरापुर बैराज, बिजनौर, कोतवाली देहात, नगीना, धामपुर, कांठ, छजलैट होते हुए मुरादाबाद को जाऐंगे।

मुरादाबाद से गाजियाबाद, दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात : मुरादाबाद वाया छजलैट, नूरपुर, बिजनौर बैराज, मीरापुर, मवाना, मेरठ, मोदीनगर, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली को जाएगा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।